नई दिल्ली

शुक्रवार, 23 मई 2025

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 38

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम

अधि. 40.0

न्यून. 31.0


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**


| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,951.99 | 644.64 ▼ |
| निफ्टी | 24,609.70 | 203.75 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 98,000 /- | 200/- ▲ |
| चांदी | 1,01,200/- | 2040/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.96 | 37 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 64.04/ बैरल | | 1.37% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।



# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को मिला जापान-यूएई का साथ

## भारत के दो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के समक्ष दोनों देशों ने मजबूती के साथ की इसकी घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम हमले और उसके जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद आतंकवाद के मामले पर दुनियाभर से समर्थन जुटाने और इस क्रूर कृत्य को लेकर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए निकले भारत के दो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को जापान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचकर अपनी बातचीत के सिलसिले को आगे बढ़ाया। जिसमें दोनों देशों का आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में भारत को पुरजोर समर्थन मिला है। जापान ने साफ तौर पर कहा कि आतंकवाद को किसी भी रूप में कतई तर्कसंगत नहीं ठहराया जा सकता है और ▸▸ शेष पेज 5 पर

द्रमुक नेता कनिमोझी की अगुवाई वाला तीसरा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर हुआ रवाना

7 में से 3 प्रतिनिधिमंडलों की हो चुकी रवानगी, 3 और 24 मई को और अंतिम 7वां 25 मई को विदेश जाएगा





### 3 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की यात्रा जारी

*उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि आतंकवाद के मामले पर दुनिया के समक्ष भारत का पक्ष रखने के लिए 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं। यह दुनिया के कुल 33 देशों की यात्रा करेंगे। इनमें से तीन प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर रवाना हो गए हैं। दो (संजय झा, श्रीकांत शिंदे की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल) बीते बुधवार को चले गए थे और एक गुरुवार सुबह (द्रमुक नेता कनिमोझी की अगुवाई वाला) रूस गया है। इसके बाद 3 और प्रतिनिधिमंडल 24 मई को विदेश रवाना होंगे। जबकि अंतिम सातवां सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 25 मई को यूरोप दौरे पर निकलेगा। उन्होंने कहा, यह एक राजनीतिक मिशन है। जिसमें हम दुनिया के सामने मजबूती से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर करने, जीरो टॉलरेंस की नीति के अलावा आतंकवाद के सभी प्रकारों से मुकाबले को लेकर विश्व में एकजुटता के समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे। भारत चाहता है कि जो लोग सीमा पार आतंकवाद के लिए दोषी हैं। उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। पाकिस्तान पिछले 40 सालों से भारत के खिलाफ आतंकवाद फैला रहा है।*






## खबर संक्षेप

### पीएम आज करेंगे इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सुबह करीब 10:30 बजे नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' का उद्घाटन करेंगे। यह दो दिवसीय समिट 23 और 24 मई को आयोजित की जाएगी इसका उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत को निवेश और विकास की दृष्टि से एक उभरते हुए क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत करना है। समिट का आयोजन केंद्र सरकार द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों की सरकारों के सहयोग से किया जा रहा है। इस समिट से पहले कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न शहरों में रोडशो, राज्यों की राउंडटेबल बैठकें, एंबेसडर मीट और द्विपक्षीय वाणिज्यिक चैंबरों की बैठक शामिल रही हैं।

## बीकानेर में पीएम मोदी ने साफ कह दिया-भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं होगी

# मेरी नसों में अब गरम लहू नहीं, 'सिंदूर' बह रहा, हर आतंकी हमले की पाक को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

### देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया

### ◆ अब अगर, भारत पाकिस्तान से बात करेगा तो वह सिर्फ पीओके पर ही करेगा। पानी नहीं दिया जाएगा, व्यापार नहीं होगा



एजेंसी ▸▸ बीकानेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन सभी रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित किया गया था। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी नसों में अब गरम लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा। पीएम मोदी ने देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया और बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। जिन स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया, उनमें मप्र के 6 और छग के 5 स्टेशन हैं।

**26 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में देशनोक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया

### सिंदूर बारूद बनाता है तो क्या होता है

*पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा- हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है।*

### पहले ही कहा था- देश नहीं मिटने दूंगा

*पीएम मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद चूरू में मैंने कहा था- शपथ है मुझे इस मिट्टी की कि मैं देश को मिटने नहीं दूंगा, देश झुकने नहीं दूंगा...। मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा है।*

## राहुल गांधी और जयराम ने कई सवाल उछाले

# बीकानेर में पीएम मोदी बोले तो कांग्रेस का सवाल आप चुप क्यों हैं?

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



'सिंदूर के बारूद' बनने की बात जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में मुख्य सचेतक, कांग्रेस संचार और मीडिया विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने मिलकर आधा दर्जन सवालों की झड़ी लगा दी। एक्स पर पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने जहां प्रधानमंत्री पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, 'मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए कि आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी? आपका ख़ून सिर्फ़ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है?' पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद राहुल गांधी का ये अब तक सबसे तीखा हमला माना जा रहा है। अब तक वे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को घेर रहे थे।

### हत्यारे अब तक खुले में क्यों घूम रहे?

*राहुल गांधी के बाद जयराम रमेश ने भी कांग्रेस की ओर से सवाल उछालने के लिए एक्स का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, आज बीकानेर में जिस तरह प्रधानमंत्री ने एक बार फिर फिल्मों जैसे खोखले डायलॉग्स का सहारा लिया, उससे कहीं ज्यादा जरूरी है कि वे उन गंभीर सवालों का जवाब दें जो देश उनसे पूछ रहा है- पहलगाम के निर्दयी हत्यारे अब तक खुले क्यों घूम रहे हैं? कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यही आतंकी गिरोह पिछले 18 महीनों में पुंछ, गगनगीर और गुलमर्ग में हुए तीन अन्य आतंकी हमलों के लिए भी जिम्मेदार था। प्रधानमंत्री का उनका जवाब देश को दें।*

### सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता क्यों नहीं की?

*जयराम ने अगला सवाल दागा, आपने अब तक कोई सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता क्यों नहीं की? विपक्षी दलों को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया? आपने 22 फरवरी 1994 को संसद में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव को दोहराने और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सामने आए चीन-पाकिस्तान के गठजोड़ को देखते हुए उसे वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार फिर से तैयार करने के लिए संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया? बीते दो हफ्तों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री रुबियो बार-बार जिस तरह अमेरिका की भूमिका को लेकर दावे कर रहे हैं, उस पर आप लगातार चुप क्यों हैं?*

## अस्पताल से फोटो सहित आया ट्वीट 'मैं बेहद बीमार'

# जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई ने दायर की चार्जशीट

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ये अजब संयोग है। एक तरफ गुरूवार को जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई चार्जशीट दायर कर रही थी तो दूसरी तरफ सत्यपाल मलिक के एक्स हैंडल से ये पोस्ट किया गया कि उनकी हालत ठीक नहीं। मलिक ने अपनी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि वह अभी कोई जवाब नहीं दे सकते। इससे पहले, फरवरी 2024 में भी सीबीआई की छापेमारी के दौरान वह मैक्स अस्पताल में भर्ती थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, दो निजी सचिव और चार अन्य लोगों के खिलाफ किरू जलविद्युत परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में चार्जशीट दाखिल की। यह मामला लगभग 2 हजार 200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों के ठेके में अनियमितताओं से संबंधित है। सीबीआई ने तीन साल की जांच के बाद यह चार्जशीट जम्मू के एक विशेष अदालत में दाखिल की। इस मामले में सत्यपाल मलिक के अलावा चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन नवीन कुमार चौधरी, पूर्व अधिकारी एमएस बाबू, एमके मित्तल, अरुण कुमार मिश्रा, और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड कंपनी को भी आरोपी बनाया गया है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### किरू जलविद्युत परियोजना के ठेके में अनियमितताएं हुईं: सीबीआई



सीबीआई के अनुसार, किरू जलविद्युत परियोजना के ठेके में अनियमितताएं हुईं। कंपनी की 47वीं बोर्ड बैठक में प्रोजेक्ट को ई-टेंडरिंग और रिवर्स ऑक्शन के माध्यम से दोबारा टेंडर करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया, और ठेका पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड को दे दिया गया। मलिक ने 2021 में दावा किया था कि जब वह जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे (23 अगस्त, 2018 से 30 अक्टूबर, 2019), उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी, जिसमें से एक किरू परियोजना से संबंधित थी। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्होंने रिश्वत ठुकरा दी थी। हालांकि, सीबीआई ने उनकी शिकायतों की जांच करने के बजाय उनके खिलाफ ही कार्रवाई शुरू की। 2024 में सीबीआई ने मलिक और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में उनके आवास शामिल थे। सत्यपाल मलिक 2021 से केंद्र सरकार के खिलाफ कई बयान दे चुके हैं, जिसमें किरू परियोजना में भ्रष्टाचार और 2019 के पुलवामा हमले में जवाबदेही तय न करने के आरोप शामिल हैं। उनकी इन टिप्पणियों के बाद सीबीआई ने 2022 में इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। मलिक ने पहले दावा किया था कि उनके आवास पर छापेमारी उनकी आलोचनाओं को चुप कराने का प्रयास है।

**यह सबसे ज्यादा पथरी निकाले जाने का मामला**

# 70 साल के एक मरीज के पेट से निकली 8125 पथरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



यहां डॉक्टरों ने एक दुर्लभ सर्जरी कर 70 वर्षीय मरीज के पित्ताशय से 8,125 पथरी निकाले। डॉक्टर का दावा है कि यह सबसे ज्यादा पथरी निकाले जाने का मामला है। मरीज कई वर्षों से पेट के दर्द, बीच-बीच में बुखार आने, भूख न लगने और कमजोरी की शिकायत से परेशान था। उन्हें सीने में भी भारीपन महसूस हो रहा था। डॉ. अमित जावेद और डॉ. नरोला येंगर ने बताया कि करीब घंटे भर चली ▸▸ शेष पेज 5 पर

# सलमान खान की सुरक्षा में चूक: एक युवक और युवती ने घर में घुसने की कोशिश की

एजेंसी ▸▸ मुंबई





बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। दो दिन के भीतर ही दो अंजान लोगों ने सलमान खान के घर में घुसने की कोशिश की है। पहले 20 मई को एक पुरुष ने सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी, जिसे सिक्योरिटी गार्ड्स ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। वहीं अगले दिन ▸▸ शेष पेज 5 पर

## पीयूष गोयल ने जैमीसन ग्रीर और हॉवर्ड लुटनिक के साथ की बैठक

**8 जुलाई से लागू होना है नया प्लान**

# भारत-अमेरिका के बीच नई टैरिफ फार्मूले पर अंतिम निर्णय शीघ्र

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भारत और अमेरिका के बीच 90-दिवसीय टैरिफ निलंबन अवधि का लाभ उठाकर समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। विदित हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ की अवधि को तीन महीने के लिए बढ़ाया था जिसकी अवधि 8 जुलाई को खत्म हो रही है। उसके बाद दोनों देशों के बीच नई टैरिफ की रीति नीति कैसे काम करेगी इस पर दोनों देशों के बीच लगातार संवाद का काम चल रहा है। अमेरिका भारत से कुछ रियायतें चाहता है, विशेष रूप से व्यापार घाटे को कम करने के लिए। भारत की चाहत भी कुछ ऐसी ही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में वाशिंगटन में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ बैठक की। बताया गया कि बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।

**भारत टैरिफ छूट की मांग कर रहा :** टैरिफ समझौता व्यापार में स्थिरता लाने और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उम्मीद ▸▸ शेष पेज 5 पर

### दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर

गत 2 अप्रैल को अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत समेत कई देशों पर 26 फीसदी अतिरिक्त रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि, तुरंत बाद अगले ही दिन 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया था। इस अवधि का उपयोग दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए कर रहे हैं। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर रहा, जिसमें भारत का व्यापार अधिशेष 41.18 बिलियन डॉलर था। यही वजह है कि भारत ने अपने घरेलू उत्पादों पर लगाए गए 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ से पूर्ण छूट की मांग की है।

### द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य

इसके साथ ही, भारत कुछ क्षेत्रों जैसे कृषि और डेयरी उत्पादों के लिए कोटा या न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) जैसे सुरक्षात्मक उपाय ▸▸ शेष पेज 5 पर

# हौज खास इलाके में सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली के हौज खास इलाके में एक मोटरसाइकिल के फिसलकर फुटपाथ से टकरा जाने के कारण उस पर सवार बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई। बृहस्पतिवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सुशांत (26) ने मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो दिया, जिससे उसका दोपहिया वाहन फुटपाथ के किनारे से जा टकराया। यह घटना 18 मई की मध्य रात्रि के करीब पंचशील पार्क क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास हुई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 19 मई को हौज खास थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाया जा चुका था, जहां बाद में चिकित्सकों ने घोषित कर दिया। अधिकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है और यह नियंत्रण खोने के कारण हुई दुर्घटना प्रतीत होती है। अधिकारी ने बताया कि सुशांत नोएडा में एक निजी फर्म में मानव संसाधन (एचआर) कर्मचारी के रूप में काम करता था। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सुशांत के परिवार को सूचित कर दिया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## बचाव दल को तुरंत किया तैनात

# मुनक नहर में दो नाबालिगों की डूबने से मौत, दो लापता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बाहरी उत्तरी दिल्ली में बृहस्पतिवार दोपहर एक नहर में नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह जाने से दो नाबालिग डूब गए जबकि दो अन्य लापता हैं। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 12 बजे मुनक नहर में हुई, जिससे हरियाणा से दिल्ली तक पानी आता है। अधिकारी ने बताया कि चारों नाबालिग तैरने के लिए नहर में उतरे थे, लेकिन वे तेज बहाव में फंस गए। उन्होंने कहा कि बचाव दल को तुरंत तैनात किया गया, जिसमें अग्निशमन विभाग, स्थानीय पुलिस और आपदा प्रतिक्रिया इकाइयों के कर्मी शामिल थे। उन्होंने बताया कि दो शव बरामद किए गए हैं, जबकि अन्य नाबालिगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की पहचान की जा रही है।

### विधायक इन्द्राज ने दिया पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन



समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री और क्षेत्रीय विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना स्थित मुनक नहर पर घटना स्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार को दिल्ली सरकार की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। यहां मंत्री रविंद्र इंद्राज मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद कहा कि नहर पर ऐसे अप्रिय हादसे रोकने के लिए पेट्रोलिंग टीम मुस्तैद होनी चाहिए। दिल्ली में जहां-जहां ऐसे हालात हैं, ऐसी जगह पेट्रोलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। यदि पेट्रोलिंग टीम होगी तो लोगों में डर भी बना रहेगा और ऐसे हादसे नहीं हो सकेंगे।

# सत्ता के लालच में प्रोटोकॉल भूले एमसीडी महापौर: अंकुश नारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सत्ता के लालच में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर राजा इकबाल सिंह प्रोटोकॉल भूल गए हैं और महापौर बनने के बाद भी स्थायी समिति की सदस्यता नहीं छोड़ी है। दिल्ली नगर निगम ने आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने गुरूवार को प्रेसवार्ता में यह बाते कहीं। अंकुश नारंग ने कहा कि राजा इकबाल सिविल लाइन जोन से स्थायी समिति के सदस्य हैं और इतिहास में कभी नहीं हुआ कि महापौर स्थायी समिति की बैठक में सदस्य के रूप में नीचे बैठे जबकि चेयरमैन ऊपर बैठे।

प्रेस वार्ता कर अंकुश नारंग ने महापौर को लिखा पत्र दिखाते हुए कहा कि स्थायी समिति महापौर को रिपोर्ट करती है, इसलिए नैतिकता के आधार पर राजा इकबाल को महापौर बनते ही स्थायी समिति में सदस्य पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि सिविल लाइन जोन से भी इस्तीफा होगा, लेकिन अभी तक न इस्तीफा दिया गया, न नोटिफिकेशन जारी हुआ, जबकि अन्य निगम जोनों की नोटिफिकेशन जारी हो चुकी है। 27 मई तक नॉमिनेशन हैं। उन्होंने पुरजोर तरीके से राजा इकबाल से मांग की कि नैतिकता के आधार पर वे स्थायी समिति से इस्तीफा दें और दिल्ली की जनता को बताएं कि किस लालच में वे इस पद पर बने हुए हैं।

# सरकार ने बिजली बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मियों को दी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने गुरूवार को बताया कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली विद्युत बोर्ड के 18 हजार 737 सेवानिवृत्त कर्मियों की मंहगाई राहत में 1 जनवरी 2025 से बढ़ोत्तरी कर दी है। पहले यह मंहगाई राहत 53 प्रतिशत थी जो बढ़ाकर 55 प्रतिशत हो गई है। मंत्री ने बताया कि सरकार के इस कदम से दिल्ली विद्युत बोर्ड के पेंशनार्थियों को न केवल आर्थिक लाभ होगा बल्कि वह अपने परिवार के खर्चों को वहन करने में भी सक्षम हो सकेंगे। ऊर्जा मंत्री ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में न केवल कार्यरत अधिकारियों व कर्मियों के कल्याण की सोच रखती है बल्कि सेवानिवृत्त कर्मियों के हितों की भी रक्षा करने के लिए कृत संकल्पित है।

### टैक्सी संगठन ने गडकरी से की एनआईसी पोर्टल की समस्या की शिकायत

**नई दिल्ली।** दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) पोर्टल में आ रही समस्याओं से हो रही परेशानी के संबंध में केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी से की शिकायत की है। इस बारे में संगठन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने बताया कि लंबे समय से एनआईसी पोर्टल सुविधा की बजाए परेशानियों का सबब बन चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब जानबूझकर किया जा रहा है। जिसमें पोर्टल में बार बार विभिन्न राज्यों के बॉर्डर टैक्स के कंप्यूटर सर्वर को जानबूझकर बंद किया जाना शामिल है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर संगठन ने परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को इसकी शिकायत करते हुए विस्तृत जांच के लिए आग्रह करते हुए पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि हमारी टैक्सी या बसें दिल्ली से अन्य राज्यों में जाने के लिए एनआईसी पोर्टल द्वारा टैक्स काटते हैं तो एनआईसी का सर्वर डाउन होता हैं।

# सम्मोहित कर धोखाधड़ी किए जाने के दो मामलों में पांच पकड़े



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के रनहोला इलाके में दो अलग-अलग मामलों में लोगों को सम्मोहित करके उनसे कीमती सामान ठगने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ लिया है। बृहस्पतिवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 15 मई को दर्ज किए गए पहले मामले के अनुसार, एक महिला ने आरोप लगाया कि दो पुरुष और एक महिला ने उसे सम्मोहित कर लिया और उसकी सोने की बालियां ले लीं, जिनके बदले में उसे एक बंडल दिया जो नकदी की तरह लग रहा था, लेकिन वो बंडल सिर्फ रद्दी कागज थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सचिन शर्मा ने बताया कि पुलिस ने सुल्तानपुरी के डी-ब्लॉक में छापामारी कर एक व्यक्ति और उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपराध कबूल कर लिया और अपने तीसरे साथी का नाम भी बताया जो अभी फरार है। पुलिस ने बताया कि 16 मई को दर्ज किए गए दूसरे मामले में भी एक अन्य महिला ने इसी तरह की शिकायत की थी।

पुलिस ने बताया कि चंद्र विहार के समीप ऐसे ही कुछ संदिग्ध लोगों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की, जिसमें एक पुरुष और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि एक नाबालिग को हिरासत में ले लिया। डीसीपी ने बताया कि दोनों घटनाओं में समानता को देखते हुए एक पुलिस टीम ने दोनों मामलों की जांच की।

# सहेली के घर से आभूषण चुराने के आरोप में दो बहनें गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली के बसई दारापुर इलाके में अपनी सहेली के घर से सोने के आभूषण चोरी करने के आरोप में दो बहनों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान करिश्मा (40) और उसकी छोटी बहन शिप्रा (34) के रूप में हुई है, तथा पुलिस ने चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विचित्रा वीर ने कहा कि 18 मई को 45 वर्षीय महिला ने मोती नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके घर से आभूषण की चोरी हो गई है। पुलिस ने कहा कि घर में जबरन घुसने के कोई संकेत नहीं मिले हैं, यह एक अतिरिक्त चाबी के इस्तेमाल का संकेत है।" डीसीपी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। डीसीपी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने जांच के दौरान पुलिस को बताया कि 17 मई को वह अपनी सहेली की बहन शिप्रा के साथ झंडेवालान मंदिर गई थी और रात करीब आठ बजे उसके साथ घर लौटी थी। अगली सुबह उसने पाया कि उसके गहने गायब हैं। उसने बताया कि केवल उसके मकान मालिक और उसकी करीबी सहेली करिश्मा को ही उसके घर में रखे सोने के बारे में पता था। डीसीपी ने कहा, "संदेह के आधार पर पुलिस की एक टीम 19 मई को करिश्मा के घर पहुंची। कड़ी पूछताछ के दौरान करिश्मा ने कबूल किया कि उसने और उसकी बहन शिप्रा ने चोरी की साजिश रची थी। अधिकारी ने बताया कि योजना के अनुसार शिप्रा शिकायतकर्ता को मंदिर ले गई, जबकि करिश्मा ने घर में घुसने और सोने की वस्तुएं चुराने के लिए 'डुप्लीकेट' चाबी का इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि बरामद सामग्री में सोने के बिस्कुट, अंगूठियां, चूड़ियां और पारंपरिक आभूषण शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानूनी कार्यवाही की जा रही है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-03-T-2025-26-E3 रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2021/ईईएम/180/11 दिनांक 20.01.2025 के अनुसार एसएसई/पीएस/पीएचजी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे अधिकारी क्वार्टर टाइप–IV और V फ्लैटों की रिवायरिंग के संबंध में विद्युत कार्य | | | | |
| निविदा की अनुमानित लागत | ₹ 98.37 लाख | कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विधुत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली | | |
| बयाना राशि ₹ 196800.00 | निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 16.06.2025, 12.00 बजे | निविदा खोलने की दिनांक व समय | 16.06.2025, 12.00 बजे | |
| वेब साइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विधुत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली | | | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1503/2025


### बाल्यान की जमानत याचिका पर 27 मई को फैसला सुनाएगी अदालत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत दर्ज मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर 27 मई को आदेश सुना सकती है। विशेष न्यायाधीश दिग्विजय सिंह ने अभियोजन और बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायाधीश ने कहा कि दलीलें समाप्त हुईं। आदेश 27 मई, 2025 के लिए सुरक्षित रखा जाता है। बाल्यान को पिछले साल चार दिसंबर को मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया था। पंद्रह जनवरी को उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। दिल्ली पुलिस ने एक मई को इस मामले में बाल्यान के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था।
चार आरोपियों साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू, ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा और बाल्यान के खिलाफ मकोका की कठोर धाराओं के तहत पूरक आरोपपत्र दाखिल किया गया था।

# भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में गुरूवार को रोहिणी में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय सेना के साहस, बलिदान और 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित रही, जिसने देश की रक्षा इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। यात्रा का शुभारंभ सेक्टर-14 रोहिणी स्थित महेश्वरी अपार्टमेंट से हुआ और यह यात्रा प्रशांत विहार के सेंट्रल मार्केट में समाप्त हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों एवं व्यापार मंडलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोहिणी वार्ड से नगर निगम पार्षद प्रवेश वाही भी इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति नारों के साथ, भारतीय सेना के प्रति अपने सम्मान को प्रकट करते हुए यात्रा में भाग लिया। जनसमूह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा उन वीर सैनिकों को एक सशक्त श्रद्धांजलि है जो अपने प्राणों की बाज़ी लगाकर देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के रक्षा इतिहास में एक निर्णायक क्षण था, जिसने हमारे सैनिकों की शक्ति और संकल्प को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया।

## संभावित कोरोना की वापसी की आशंका के चलते कांग्रेस ने सीएम को तैयारियों पर चेताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने दिल्ली में कोरोना की संभावित वापसी की आशंका को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को को चेताया है कि तैयारियों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। डॉ. नरेश ने कहा कि राजधानी में कोरोना वायरस की वापसी की आशंका के मद्देनजर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से पहले से ही सभी तरह की चिकित्सा तैयारियों को लेकर एक ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमने सीएम से आग्रह किया है कि सरकार समय रहते सभी आवश्यक चिकित्सा तैयारियां सुनिश्चित करें ताकि पिछली बार जैसी गंभीर स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। डॉ. नरेश ने कहा कि सरकार को खतरे की घंटी बजने का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि अभी से ही प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कोरोना महामारी के दौरान हुई पिछली गलतियों को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की लापरवाही के कारण हजारों लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से कई मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। जिसमें दिल्ली के प्रमुख अस्पतालों में ऑक्सीजन सिलेंडर, बैड, वेंटिलेटर एवं अन्य जरूरी चिकित्सा उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, कोरोना टेस्टिंग और वैक्सीनेशन केंद्र बढ़ाए और उनकी पहुंच आम जनता तक सुलभ बनाई जाए, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों और चिकित्सा कर्मचारियों को संसाधन और प्रशिक्षण दिया जाए। 24 घंटे काम करने वाला समर्पित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए जो स्थिति पर निरंतर नजर रखे ,मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर जनता को सतर्क किया जाए। डॉ. कुमार ने कहा कि दिल्लीवासी पहले से ही महंगाई, प्रदूषण और अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में कोरोना की संभावित नई लहर से निपटने में कोई भी कोताही भारी पड़ सकती है।


केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
डीसीआरयूएसटी कैंपस, 50वां माइल स्टोन, एन. एच.-1, मुरथल, सोनीपत, हरियाणा- 131039
दूरभाष संख्या 0130–2203000, ईमेल: murthal@cipet.gov.in, वेबसाइट: www.cipet.gov.in

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

सिपेट/ आई.पी.टी. मुरथल संस्थान को संस्थान परिसर में कैंटीन/Cafeteria सेवाए तत्काल प्रदान करने हेतु अनुभवी एवं योग्य एजेंसी/ फर्म/ वेंडर से निविदा आमंत्रित करता है। इच्छुक एजेंसी/फर्म/वेंडर संस्थान के प्रशासनिक विभाग से संपर्क कर इससे संबन्धित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उसके बाद अपनी निविदा/कोटेशन बंद लिफाफे में अथवा ईमेल murthal@cipet.gov.in द्वारा इस संस्थान को दिनांक 12.06.2025 समय 17:00 बजे तक जमा कर सकते है। निविदा प्रारूप की प्रति सिपेट वेबसाईट www.cipet.gov.in के Tender Notice(S) पर जाकर प्राप्त किया जा सकता है।
सिपेट/ आई.पी.टी. मुरथल संस्थान किसी भी या सभी प्राप्त निविदा/ कोटेशन को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का अधिकार रखता है।

विज्ञापन क्रमांक :–2025–26/08 निदेशक एवं प्रमुख



## हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

### शुद्धिपत्र–II

उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में विज्ञा. सं. 26/2023 के तहत शेष हरियाणा कैडर के लिए कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स के 1633 पदों और विज्ञा. सं. 36/2023 के तहत मेवात कैडर के 78 पदों को विज्ञापित किया था। आयोग ने सभी पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र आमंत्रण के लिए पोर्टल को पुनः खोलने का निर्णय लिया है। उम्मीदवारों ऑनलाइन लिंक अर्थात http://hpsc.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते / अपने दस्तावेज / प्रमाण–पत्रों को अद्यतन कर सकते हैं। लिंक 27.05.2025 से और 02.06.2025 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध होगा।

विस्तृत योग्यता और शुद्धिपत्र के नियम एवं शर्तें आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 22.05.2025

संवाद–1156/13/326/2026/35022/88/7 दि. 22.05.25


# भीषण गर्मी में उन्हीं के आशियाने भाजपा उजाड़ रही है जो जी जान से दिल्ली का निर्माण करते हैं: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी में हो रही विभिन्न जगह तोड़ फोड़ को लेकर दिल्ली भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। यादव ने कहा कि झुग्गी झौपड़ी में रहने वाले मजदूर जिन्होंने तपती गर्मी और कड़कती ठंड में दिल्ली मेट्रो, फ्लाई ओवर, गगनचुंबी इमारतें और हमारे घर बनाए हैं, उन्ही के आशियाने आज भाजपा उजाड़कर गरीब विरोधी होने का सबूत दे रही है। उन्होंने कहा कि रेहडी पटरी कानून के अनुसार जनसंख्या के अनुपात में दिल्ली के 5 लाख से अधिक रेहड़ी पटरी वालों को लाईसेंस देने की बजाए भाजपा भी आम आदमी पार्टी की तरह उल्टे इनको उजाड़ रही है। भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली में रेहड़ी पटरी वालों और गरीब झुग्गीवालों को उजाड़ने की बकायदा मुहिम चला रही है। उससे साफ हो गया है कि चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं का झुग्गी बस्तियों में रात बिताना और रेहड़ी पटरी वालों का हितैषी बनने का ढ़कौसला करना सिर्फ वोट बटौरने का राजनीति नाटक था। भाजपा सत्ता में आते ही कमरतोड़ महंगाई और रिकार्ड बेरोजगारी झेल रहे झुग्गी झौपडी और रेहड़ी पटरीवाले गरीबों पर लगातार प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि अजीविका का अधिकार एक मौलिक अधिकार होने के बावजूद भाजपा लोगों का रोजगार छीनने का काम कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या रोजगार और आवास देने, विकास करने का यही भाजपा का वादा था। यादव ने कहा कि रेहड़ी पटरी एक्ट 2014 रेहड़ी पटरी अजीविका सरंक्षण कानून 2014 को कांग्रेस की यूपीए सरकार ने देश भर में शहरी रेहड़ी पटरी विक्रेताओं की अजीविका की रक्षा और उनकी गतिविधियों को नियमित करने के लिए कानून बनाकर रेहड़ी पटरीवालों को उनकी अजीविका की सुरक्षा प्रदान करने का अधिकार दिया था। दिल्ली में 5 लाख से भी अधिक रेहड़ी पटरीवाले है जिनको स्थाई जगह और नियमित करने के लिए सरकारों को सर्वे किया जाना था और टाउन वेंडिंग कमेटियों को गठन करके उन्हें लाईसेंस जारी किया जाना था। परंतु आम आदमी पार्टी ने अपने 11वर्षों के शासन में और भाजपा ने निगम की सत्ता सहित दिल्ली की सरकार में आने के बाद रेहड़ी पटरी वालों को स्थाई जगह देने के लिए कोई काम ही नही किया। यादव ने कहा कि दिल्ली की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाने वाले लाखों रेहड़ी पटरीवालों को सरोजनी नगर मार्केट, लाजपत नगर मार्केट, औखला, मजनू का टीला, खैबर पास, दिल्ली कैंट सदर बाजार सहित दिल्ली भर में भाजपा उजाड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा तो नही कि रेहड़ी पटरियों को उजाड़कर बड़े पूंजीपतियों द्वारा बनाए गए बड़े-बड़े मॉल और स्टोर को फायदा पहुंचाने की नियत से तो यह कार्यवाही नही हो रही। रेहड़ी पटरीवालों को लाईसेंस न दिए जाने की वजह से पुलिस और स्थानीय निकाय उनको तंग करते है और हटाने के नाम पर पैसे मांगते हैं। यादव ने कहा कि झुग्गी झौपड़ी जहां दूसरे राज्यों से आकर अपना आशियाना बनाकर गरीब आदमी रहते है, सत्ता में आते ही रेखा गुप्ता की सरकार विकसित दिल्ली के नाम पर झुग्गीवालों को विस्थापित करने की जगह उन्हें उजाड़ने का काम रही है। तैमूर नगर, नंद नगरी, दिलशाद गार्डन, मद्रासी कैंप, यमुना खादर चिल्ला गांव की झुग्गी और प्रस्तावित औखला विहार, जौहरी फार्म, जसोला, मदनपुर खादर, श्रम विहार, सरिता विहार और शाहीन बाग में तोड़फोड़ करके दिल्ली के लाखों लोगों से वोट लेकर भाजपा गरीबों के साथ वादा खिलाफी कर रही है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | टर्नकी आधार पर आईई नरवाना (हरियाणा) में 2×12.5 एमवीए, 33/11 केवी इंडोर सब स्टेशन हेतु वैद्युत जमा सिविल कार्य की डिजाइन, मैनुफैक्चरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन का कार्य। | 21.05.2025 03.06.2025 | 6.25 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2567482 se.electrical@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | एसआईआईडी स्कीम के तहत पुराना औद्योगिक क्षेत्र यमुनानगर में स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम और हाई मास्ट के अपग्रेडेशन का कार्य। | 23.05.2025 02.06.2025 | 64.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2567482 se.electrical@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी रोहतक में फेज-I, II और III में पौधों / झाड़ियों की कटिंग और छंटाई और इसके पश्चात बागवानी कचरे का निपटान। | 28.05.2025 03.06.2025 | 4.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050575109 ia.rohtak@hsiidc.org.in |
| 4 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-35, फेज-VII उद्योग विहार, गुरूग्राम में प्लॉट नं. 25 से 28 के सामने सीसी रोड का निर्माण। | 19.05.2025 26.05.2025 | 11.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | (0124-2398418) (ia.gurugram@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/35001/I/88/7 दि. 22.05.25



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में प्रांतीय उपमंडल सं. 4, लोनिवि भ व प शाखा करनाल के तहत स्टोन मैटल (जी-II) 53 मिमी से 22.4 मिमी का प्रावधान व बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.05.2025 | 40.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, फतेहाबाद | पुराना चुल्ली माइनर के हैड पर गेट + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.05.2025 | 3.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 3 | महानिदेशक, बागवानी, हरियाणा, पंचकूला | हरियाणा राज्य में किसानों को बागवानी मशीनरी और उपकरण की आपूर्ति के लिए निर्माताओं का पैनल तैयार करना। | 26.05.2025 09.06.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582322 vivek.hort@hry.gov.in |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | गांव तालु खण्ड व जिला भिवानी में अत्तर पुत्र भले राम की तरफ तालु-जटाई रोड से आईपीबी गली की पेवमेंट। | 20.05.2025 26.05.2025 | 6.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज खरखौदा | गांव पिपली में शहीद दलबीर सिंह से दादा शमाद तक ड्रेन का निर्माण + 3 कार्य। | 21.05.2025 30.05.2025 | 71.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467668228 amitsihmar12994@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/100/35012/I/88/7 दि. 22.05.25

## मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# हर व्यक्ति को बेहतर इलाज की सुविधा देना दिल्ली सरकार का लक्ष्य : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि हर व्यक्ति को बेहतर इलाज की सुविधा मिले कोई भी व्यक्ति बेहतर इलाज से वंचित न रह जाए। एक स्वस्थ दिल्ली ही विकसित दिल्ली की नींव है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरूवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि राजधानी के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, किफायती और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। बता दें कि सीएम रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में गुरूवार को दिल्ली सचिवालय में यह महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, वय वंदना स्वास्थ्य योजना,



आयुष्मान आरोग्य मंदिर और अस्पताल संरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

### पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है सरकार

सीएम ने बताया कि बैठक का उद्देश्य राजधानी दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करना और विभिन्न योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा करना था। हमारी सरकार दिन रात सातों दिन पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। अस्पतालों के निर्माण और पुराने संस्थानों के आधुनिकीकरण के काम को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ा रही है। रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली के हर नागरिक को न केवल इलाज मिले, बल्कि वह भी सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला हो। हम चाहते हैं कि सरकारी अस्पताल निजी अस्पतालों से भी बेहतर सेवाएं प्रदान करें। दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और मानवीय बनाने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम है।

### दो लाख 95 हजार 237 लाभार्थियों का पंजीकरण

बैठक के बाद अधिक जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 2 लाख 95 हजार 237 लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है, जिसमे सभी पात्र लाभार्थियों को 10 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अंतर्गत 1 लाख 23 हजार 242 वरिष्ठ नागरिकों ने पंजीकरण किया गया है और बाकी पात्र लाभार्थियों का जल्द ही पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने आगे बताया कि इन दोनों योजनाओं के प्रति नागरिकों की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंच रही हैं और लोगों को उनके लाभ मिल रहे हैं। सरकार इन योजनाओं के दायरे को और अधिक व्यापक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सीएम रेखा ने बताया कि दिल्ली में करीबन 100 अस्पताल इन योजनाओ के अंतर्गत पंजीकृत हैं। यदि किसी पात्र लाभार्थी को किसी विशेष बीमारी के इलाज के लिए दिल्ली के अलावा देश के किसी भी अन्य स्थान पर जाना पड़े, तो वह वहां के किसी भी इम्पैनल्ड अस्पताल में जाकर अपना मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि दिल्ली में नए अस्पताल के निर्माण और मौजूदा अस्पतालों के अपग्रेडेशन कार्य प्रगति पर है तथा सभी संबंधित एजेंसियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जनता को आधुनिक एवं सुविधाजनक स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर मिल सकें।

## तेज आंधी में 53 जगह गिरे पेड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बुधवार को आई तेज आंधी के दौरान 53 जगह पेड़ गिरने और एक जगह जलभराव होने की सूचना है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने गुरूवार को मानसून संबंधी आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी। निगम प्रशासन ने बताया कि दिल्ली नगर निगम के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 मई रात नौ बजे से 22 मई दोपहर 12 बजे के बीच के ये आंकड़े हैं।

### दिल्ली में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री हुआ दर्ज

नई दिल्ली। तेज तुफान व बारिश का असर लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी दिल्ली में देखने को मिला। जिसके चलते अधिकतम व न्यूनतम, दोनों तापमान में दूसरे दिन भारी कमी का असर पांच डिग्री से अधिक की गिरावट के रूप में देखा गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 5.5 डिग्री नीचे है, यानी राहत ही राहत।

### एक ही दिन में बिजली की मांग में 1560 मेगावाट की गिरावट

नई दिल्ली। दिल्ली में बिजली की मांग में अक्सर ऐतिहासिक मांग ही दर्ज होती है। लेकिन इस बार उल्टा हुआ और महज 24 घंटे से भी कम समय में गुरुवार को बिजली की मांग में ऐतिहासिक गिरावट 1560 मेगावाट दर्ज की गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार जहां 21 मई 2025 को दिल्ली में 7748 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग दर्ज हुई थी। वहीं करीब 24 घंटे में ही बिजली की मांग में ऐतिहासिक गिरावट 1560 मेगावाट दर्ज हुई।

## पार्षदों को विकास कार्यों के लिए जल्द मिलेगा फंड : राजा इकबाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के पार्षदों को विकास कार्यों के लिए जल्द ही फंड मिलेगा और निगम दिल्ली सरकार के साथ समन्वय में मिलकर सभी विकास कार्यों को गति देगा।



दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इक़बाल सिंह ने गुरूवार को पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत व निगम आयुक्त अश्वनी कुमार के साथ पश्चिमी व नजफगढ़ ज़ोन के विकास कार्यों, नागरिक समस्याओं व स्थानीय मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य वार्ड के स्थानीय मुद्दों को समझना, वार्ड के पार्षदों के साथ प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करना और उनका सामूहिक रूप से हल करना है। महापौर ने अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल व दीर्घकालीन समाधान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और पार्षदों से कहा कि क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए एक दूसरे का सहयोग करें। साथ ही अधिकारियों से कहा कि पार्षदों के साथ लोगों की समस्याओं को जानने के लिए वार्ड का दौरा करें। सांसद कमलजीत ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए इस तरह की समीक्षा बैठक नियमित रूप से की जाएगी। इस अवसर पर पश्चिमी जोन व नजफगढ़ जोन के पार्षद, अतिरिक्त आयुक्त, जोनल उपायुक्त एवं सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## उपराज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मिला आईवीपी पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल के नेतृत्व में पार्टी के निगम पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल





ने गुरूवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में केबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद भी मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने उपराज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मांग की कि अधिकारियों को तुरंत दिशानिर्देश जारी किये जायें कि पार्टी के निगम पार्षदों के वार्डों के लिए तुरंत बजट की व्यवस्था करते हुए बीते ढाई वर्ष से ठप पड़े जनता से जुड़े कार्यों को शुरू कराया जाये। प्रतिनिधि मंडल में मुकेश गोयल, हेमचंद गोयल, दिनेश कुमार भारद्वाज, मनीषा जसवीर कराला, सुमन अनिल राणा, उषा शर्मा, रूनाक्षी शर्मा, राजेश कुमार, साहिब कुमार, राखी यादव, अशोक पांडे, कमल भारद्वाज, लीना कुमार, हिमानी जैन, देवेंद्र कुमार, बॉबी किन्नर आदि पार्षदों सहित कई लोग शामिल हुए।

## जुलाई में आयोजित किया जाएगा विशाल रोजगार मेला : मिश्रा


**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के अपने संकल्प के तहत वर्ष 2025-26 में एक बड़े रोजगार मेले (जॉब फेयर) का आयोजन करने जा रही है। इस संबंध में दिल्ली सरकार के



श्रम (रोजगार) मंत्री कपिल मिश्रा ने रोजगार निदेशालय के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक का उद्देश्य दिल्ली के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए रणनीति तैयार करना तथा विभिन्न विभागों व औद्योगिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करना था। मंत्री मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार मेले का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एक साझा मंच तैयार किया जाएगा जहाँ जॉब तलाशने वाले युवा और जॉब देने वाले संस्थान सीधे संपर्क कर सकेंगे। इस दिशा में पहला विशाल जॉब मेला जुलाई 2025 में आयोजित करने का प्रस्ताव है।

## दिव्यांगों को मिलेंगे आधुनिक और बेहतर उपकरण : रविन्द्र

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने दिव्यांगों के लिए आधुनिक और बेहतर उपकरणों हेतु कानपुर स्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय में निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगों के सशक्तिकरण की दिशा में देश में चल रहे सुगम्य भारत अभियान को सफल बनाने में दिल्ली सरकार प्रभावी ढंग से जुटी हुई है। इसी क्रम में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय जाकर नवीनतम सहायक उपकरणों की जानकारी ली गई है। आधुनिक और सुविधाजनक उपकरणों का लाभ दिल्ली के दिव्यांगजनों को भी मिलेगा।



# सेक्टर-9 के 5 पार्कों का जीर्णोद्धार कार्य शुरूः पार्षद अग्रवाल

## कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के मार्गदर्शन में तेजी से हो रहे विकास कार्य

तय समय सीमा के अंदर ये कार्य पूरे हो जाएंगे जिससे पार्कों का सौंदर्यकरण होगा। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि लगातार पानी, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, पार्क आदि की समस्याओं के समाधान के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

वार्ड नंबर 37 के भाजपा पार्षद मुकेश अग्रवाल ने गुरुवार को सैक्टर-9 के सदभावना पार्क से सैक्टर के 5 पार्कों के जीर्णोद्धार कार्य का वरिष्ठ नागरिकों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर शुभारंभ करवाया।

इस मौके पर मुकेश अग्रवाल ने बताया कि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के मार्गदर्शन में वार्ड 37 में लगातार कार्य किए जा रहे हैं और इसी कड़ी में सेक्टर-9 के 5 पार्कों में ट्रैक बनाने, धौलपुर पत्थर लगाने, टाइलें, जिम प्लेटफार्म सहित अनेक जीर्णोद्धार कार्य शुरु कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा के अंदर ये कार्य पूरे हो जाएंगे जिससे पार्कों का सौंदर्यकरण होगा। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि लगातार पानी, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, पार्क आदि की समस्याओं के समाधान के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया रहा है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल स्वयं कामों की समीक्षा करते हैं और पार्षदों व अधिकारियों की बैठक हर हफ्ते आयोजित कर काम को गति देने के निर्देश देते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है विकास कार्य तेजी से हो रहे है और पुरानी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ नए विकास कार्य किए जा रहे हैं।

इस मौके पर भाजपा नेता अजीत नंबरदार, राहुल शर्मा, आरडब्ल्युए प्रधान रणवीर चौधरी, अजय भाटिया, सतबीर शर्मा, सुरेंद्र नागर, रमेश मलिक, अरुण बजाज, राजेंद्र मेंहदीरत्ता, राजकुमार सिंगला, आरके केशवानी, संजीव शर्मा, नवीन तंवर, हरिराम चंदीला सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### ट्रक के पास सो रहे ड्राइवर को कुचला, मौत




**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में एक कैंटर ने ट्रक के पास सो रहे ड्राईवर को कुचल दिया। हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को अंजाम देकर चालक कैंटर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के गोकलपुरी निवासी राधा ने बताया कि उसका पति गणेश कुमार जैगवार ट्रांसपोर्ट कंपनी में ड्राइवर थे।

### मोबाइल चोरी मामले में युवती सहित 2 गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** होटल से मोबाइल चोरी के मामले में सेक्टर-14 थाना की पुलिस टीम ने युवती सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से तीन मोबाइल और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-14 थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को सेक्टर-12 चौक के पास स्थित होटल राव रेजीडेंसी के संचालक सुनील ने शिकायत दी कि मंगलवार को एक युवक व युवती काउंटर से उसके दो मोबाइल चोरी कर ले गए हैं।

### अलग-अलग मामलों में 3 आरोपी पकड़ाए



**फरीदाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर 85, क्राईम ब्रांच उंचा गांव व क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 3 आरोपियों को 3 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। 21 मई को क्राईम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अनीत निवासी बालाजी कालोनी गांव करनेरा फरीदाबाद को सेक्टर-17 पुल एरिया से, टीम ने गुरदत्त निवासी गांव फज्जूपुर छांयसा फरीदाबाद को एनआईटी ने अब्दुल निवासी गांव खोरी सुरजकुंड को गांव खोरी से देशी कट्टा सहित काबू किया।

### स्थानीय नालों की सफाई के समय जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद, देंगे काम का फीडबैक

# जलभराव से निपटने के लिए बरसात से पहले हो सभी नालों, ड्रेनों, सीवरेज की सफाईः डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक कर जरुरी दिशा-निर्देश दिए। पार्षद सरपंच और निगम मेयर ने जरुरी सुझाव व समस्याओं पर चर्चा की। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग समेत शहर के बाकी हिस्सों में बरसाती पानी जमा न हो। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त विक्रम सिंह ने गुरुवार को नगर निगम, एफएमडीए, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडीए पार्षदों और सरपंचों के साथ एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मेयर प्रवीण जोशी भी उपस्थित रही।

### पार्षदों के साथ सांझा होगा नालों की सफाई का एक्शन प्लान



मेयर प्रवीण जोशी ने सभी पार्षदों और सरपंचो से कहा कि आपके क्षेत्रों में जहां भी नालों पर अतिक्रमण है प्रशासन के साथ मिलकर उसको हटवाएं और किसी भी जगह नया अतिक्रमण न होने दे। शहर को स्वच्छ बनाने में सभी अपना योगदान दे। इसके लिए एफएमडीए और नगर निगम की ओर से तैयार किया गया एक्शन प्लान जगह वार पहले ही पार्षदों के साथ सांझा कर दिया जायेगा। पार्षद प्लान के मुताबिक अपनी मौजूदगी व जरुरी सुझाव विभाग को मुहैया करा सकते है।

### जिला उपायुक्त सिंह ने मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात के पहले सभी नालों, ड्रेनों एवं सीवरेज की सफाई पूरी कर ली जाए। उन्होंने सभी नगर निकाय, जल आपूर्ति, शहरी विकास और लोक निर्माण विभाग आपसी समन्वय से काम करें और सभी नालों और सीवरेज लाइनों की सफाई का कार्य समय रहते पूरा कर लें। उन्होंने सभी मुख्य नालों की डी सिल्टिंग निकालने का कार्य की मौजूदा स्थिति का आंकलन किया। इसमें अब तक हुए कार्य व टेंडरिंग प्रक्रिया के साथ-साथ डिस्पोजल क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ पर बैकअप के लिए पावर सप्लाई की हॉट लाइन व जेनसेट संबंधी कार्यो का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी नालों की सफाई का कार्य चल रहा है, वहां पूरी सतर्कता बरती जाए और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि नालों के दोनों किनारों पर बैरीगेटिंग करना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके।

### कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे

बैठक के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नालों की मरम्मत और ड्रेनों को सुचारू रूप से चालू कराने का कार्य शुरू कर दिया गया है। कई जगहों पर पोकलेन, जेसीबी और सुपर शकर मशीनों की सहायता से सफाई कार्य जारी है। बैठक में एडिशनल नगर निगम कमिश्नर सलोनी शर्मा, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, नवनिर्वाचित पार्षदगण, सरपंच सहित अन्य कई संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक में एडीसी ने दिए निर्देश, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें निरन्तर पेट्रोलिंग कर पुख्ता निगरानी करें

# जिला में अवैध खनन करने वालों पर करें सख्त कार्रवाईः एडीसी गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है। एडीसी साहिल गुप्ता ने वीरवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को यह दिशा-निर्देश दिए।

एडीसी साहिल गुप्ता ने जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई करने बारे अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी निगरानी करें और अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। जिले में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पेश आकर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित करें। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने अपने इलाकों में अरावली, यमुना नदी तटीय और मैदानी क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते। बैठक में जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान, आरटीओ सचिव मुनीश सहगल, एसीपी क्राइम अमन यादव, प्रदूषण नियंत्रण व वन विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 28 वर्षीय व्यक्ति कोरोना संक्रमित, जीनोम सिक्वेंसिंग से वैरिएंट का पता करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



फरीदाबाद जिले में कोरोना के एक मामले की पुष्टि की गई है। मामला सामने आने के बाद विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। सेहतपुर पल्ला क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय युवक एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड हैं।

पिछले कई दिनों से वह बुखार, खांसी और जुकाम से परेशान थे। इस कारण वह सफदरजंग अस्पताल इलाज के लिए गए थे। वहां कोरोना का टेस्ट किया गया तो संक्रमण की पुष्टि की गई। साथ ही इसकी जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रामभगत को दी गई।

मामला सामने आने के बाद विभाग की टीम सेहतपुर युवक के घर पहुंची और सभी परिजन की भी जांच की गई है। डॉ. राम भगत ने संक्रमित के परिजन को कोविड प्रोटोकाल पालन करने के लिए कहा है। अब संक्रमित का जिनोम सिक्वेंसिंग भी कराया जाएगा। इस जांच से वैरिएंट का पता चल पाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सफदरजंग अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर संक्रमित के गले की लार के नमूने उपलब्ध कराने के लिए कहा है। डा. रामभगत ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद वैरिएंट की भी पुष्टि हो जाएगी। फिलहाल व्यक्ति और पूरा परिवार स्वस्थ है।

# महिला अधिवक्ता ने थाने में मचाया बवाल, महिला हवलदार से हाथापाई

## पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-50 थाना में एक महिला अधिवक्ता ने बवाल काटते हुए एक महिला के साथ मारपीट की। यही नहीं अधिवक्ता ने बीच बचाव करने के लिए आई महिला हवलदार के साथ भी अभद्रता करते हुए हाथापाई की और थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों को देख लेने की धमकी भी दी। महिला हवलदार की शिकायत पर सेक्टर-50 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने महिला वकील को गिरफ्तार कर शामिल जांच करने के बाद जमानत पर छोड़ दिया।

दरअसल, सेक्टर-51 स्थित महिला थाने में एक दंपत्ति के बीच दहेज को लेकर मामला चल रहा है। महिला थाने में दोनों पक्षों की काउसलिंग के बाद थाने के बाहर दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। महिला के पति के साथ अधिवक्ता थाने में आई थी। झगड़ा होने पर महिला थाने से सेक्टर-50 थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दंपत्ति को पुलिस की गाड़ी में बैठाकर लेकर जाने लगे,तो महिला वकील ने भी साथ चलने के लिए कहा। लेकिन पुलिस ने मना कर दिया।

कुछ देर बाद महिला अधिवक्ता सेक्टर-50 थाना में पहुंची और मुवक्किल की पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। थाना में जब महिला हवलदार बीच-बचाव के लिए आई, तो महिला अधिवक्ता ने महिला हवलदार के साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। उसके बाद थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों को देख लेने की धमकी भी दी। महिला वकील को शांत करवाया गया और उसके खिलाफ महिला हवलदार की शिकायत पर सेक्टर-50 थाने में मामला दर्ज किया गया। उसके बाद महिला वकील को शामिल जांच करने के बाद जमानत पर छोड़ दिया गया।

# पीएफ अधिकारी बन कंपनी में घुसने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## एक पूर्व पीएफ कर्मी के साथ दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

बादशाहपुर थाना एरिया में पीएफ अधिकारी बनकर ठगी की नीयत से कंपनी में घुसने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों में एक पूर्व पीएफ कर्मी भी शामिल है। बेगमपुर खटोला, सेक्टर-35 स्थित एक कंपनी के प्रतिनिधि ने एसपीआर पुलिस चौकी में शिकायत दी कि बीती 21 मई की सांय करीब 5.30 बजे दो व्यक्ति उनकी कंपनी के गेट पर आए। उन्होंने वहां सुरक्षाकर्मी को बताया कि वे पीएफ ऑफिस फरीदाबाद से आए हैं और कंपनी के एमडी को बुलाने के लिए कहा। सुरक्षाकर्मी ने उन्हें गेट के कंपनी रजिस्टर में एंट्री करने के लिए कहा तो उन्होंने एंट्री करने से मना कर दिया। जिसके बाद दोनों पीएफ कार्यालय के उच्च अधिकारी बताकर व अपनी पहचान छुपाकर ठगी के इरादे से कंपनी में दाखिल हुए।

पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में एसपीआर पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटे के दरमियान दोनों आरोपियों को सेक्टर-35, गुरुग्राम से काबू कर लिया।

# कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग पर कई घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम के आयुध डिपो के आसपास क्षेत्र में बीती देर रात को एक कबाड़ के गोदाम में भीषण आग लग गई। आज इतनी भयंकर थी कि उसकी लपटें करीब 15 से 20 फीट ऊंची तक गई और पूरा क्षेत्र धुएं में गुम हो गया। दूर से ही आग की लपटें दिखाई दे रही थी। सूचना मिलते ही दमकल की दर्जनों गाड़ियां मौके पर पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में कबाड़ का गोदाम पूरी तरह से जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही की कोई भी इस घटना में घायल नहीं हुआ। दरअसल, बीती रात को गुरुग्राम में तेज आंधी चल रही थी। इसी दौरान अशोक विहार फेज-3 स्थित एक कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आंधी के चलते आग तेजी से फैलने लगी और विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की दर्जनों गाड़ियां मौके पर पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिस स्थान पर यह कबाड़ गोदाम बना हुआ था वह एक रिहायशी एरिया है। जिसे दमकल की टीम ने मशक्कत के बाद बचा लिया। इस आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# 5 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों लेखपाल गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** एंटी करप्शन की टीम ने गुरुवार को दाखिल खारिज के नाम पर 5 लाख की रिश्वत लेते हुए एक लेखपाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया लेखपाल का नाम शैलेंद्र कुमार है थाना भोजपुर क्षेत्र के तयोड़ी गांव निवासी आरिफ ने एंटी करप्शन में शिकायत की थी कि उसकी जमीन का दाखिल खारिज होना था । उसने संबंधित लेखपाल सरित कुमार से संपर्क किया तो पांच लाख रुपए रिश्वत मांगी था। शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन तीन ने जाल बिछाकर लेखपाल को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# रिटर्न में निल भरने से बचें व्यापारीः अपर आयुक्त

## जीएसटी ने व्यापारियों के लिए किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



जीएसटी अधिकारियों और व्यापारियों के बीच सामान्य स्थापित करने के उद्देश्य राकेश मार्ग पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राकेश मार्ग स्थित जेकेएम लीला होंडा के शोरूम पर आयोजित इस कार्यक्रम में जीएसटी विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड वन मानवेंद्र सिंह ने व्यापारियों को सरकार द्वारा व्यापारियों के कल्याण के लिए शुरू की गई योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उनके शंकाओं का समाधान भी किया ।

मानवेंद्र सिंह ने व्यापारियों को सलाह दी की वह अपनी रिटर्न निल में भरने के बजाय कम से कम 1000 का टैक्स अवश्य भरे। यह व्यापारियों के लिए काफी लाभप्रद होता है । उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने पंजीकृत व्यापारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर 10 लख रुपए का बी द्वार जाकर किया मां की योजना बनाई है। इसके तहत यदि किसी व्यापारी के साथ आकस्मिक दुर्घटना होती है और उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसके पारिवारिक सदस्यों को केवल विभाग में पंजीकरण करना होगा। उसके बाद विभाग खुद ही 10 लाख रुपये की धनराशि मृतक आश्रितों को उपलब्ध करा देती है। गाजियाबाद में पिछले साल आकस्मिक मृत्यु होने पर तीन व्यापारियों के मृतक आश्रितों को 10-10 लाख रुपये के चेक दिए गए थे। इस मौके पर व्यापारियों ने भी कई सवाल किये। जिनके जवाब अधिकारियों ने दिए। शोरूम के अध्यक्ष योगेश सलूजा ने आए हुए अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।

स्थानीय पार्षद उदित मोहन गर्ग ने सभी का धन्यवाद अदा किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।


**अलंकित लिमिटेड**
CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

**31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | समाप्त तिमाही | समाप्त तिमाही | समाप्त वर्ष | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | समाप्त तिमाही | समाप्त तिमाही | समाप्त वर्ष | समाप्त वर्ष |
| | | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 3,147.97 | 5,297.61 | 2,196.19 | 10,589.16 | 12,663.97 | 10,201.44 | 9,116.05 | 7,276.58 | 30,105.64 | 23,570.45 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण मदों से पूर्व) | 1,270.72 | 1,032.30 | 237.44 | 2,270.50 | 1,841.84 | 1,731.18 | 987.95 | 483.90 | 3,686.95 | 2,696.16 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 678.46 | 1,032.30 | 237.44 | 1,678.24 | 1,841.84 | 1,138.92 | 987.95 | 483.90 | 3,094.69 | 2,696.16 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 295.12 | 718.49 | 334.02 | 1,163.76 | 1,547.28 | 527.12 | 646.76 | 519.83 | 2,167.02 | 2,198.03 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 318.10 | 706.07 | 345.57 | 1,221.39 | 1,593.48 | 556.30 | 619.96 | 531.42 | 2,230.39 | 2,243.22 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 29,060.16 | 27,838.76 | - | - | - | 26,960.35 | 24,909.46 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) | | | | | | | | | | |
| | 1. बेसिक | 0.11 | 0.26 | 0.12 | 0.43 | 0.69 | 0.16 | 0.29 | 0.19 | 0.73 | 0.96 |
| | 2. डायल्युटेड | 0.11 | 0.26 | 0.12 | 0.43 | 0.69 | 0.16 | 0.29 | 0.19 | 0.73 | 0.96 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 और अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज और पॉलिसीज, जहां तक लागू योग्य हैं, के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
2. उपरोक्त, 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु कम्पनी के स्टैंडअलोन एवं समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है, जिसकी समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 22 मई 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में बोर्ड द्वारा अनुमोदित किये गये। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स अर्थात बीएसई लिमिटेड पर www.bseindia.com पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर www.nseindia.com पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट www.alankit.in पर भी उपलब्ध हैं। इनको नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखा जा सकता है।

कृते अलंकित लिमिटेड

दिनांक : 22.05.2025
स्थान : नई दिल्ली

अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक

### योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर संबोधित किया, कहा

# प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए ऐसा मॉडल अपनाएं जो आत्मघाती न हो: सीएम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जैव विविधता के महत्व को भारत से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता। किसी सनातन परिवार में मांगलिक कार्य की शुरुआत शांति पाठ से होती है। ये अपने लिए नहीं होता बल्कि पूरे संसार के कल्याण की कामना के साथ मांगलिक कार्य शुरू होता है। ये वेद की सूक्ति के साथ शुरू होता है। अगर मनुष्य को जीवित रहना है तो संसार के बारे में सोचना होगा। वेदों में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके बेटे हैं। मुख्यमंत्री लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जैव विविधता दिवस के आयोजन का उद्देश्य यही है कि प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए। हमें विकास का ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जो कि आत्मघाती न हो। प्रकृति और पुरुष का समन्वित रूप ही पर्यावरण है।

प्राचीन काल में हर गांव में खलिहान की भूमि होती थी। लोग खेत में आग नहीं लगाते थे। पराली में आग नहीं लगाते थे। गांव में खाद का खड्ड होता था। कंपोस्ट के रूप में उसका इस्तेमाल होता था। हर गांव में तालाब था। उसे गंदा नहीं करते थे। सुविधा के साथ खड्ड, खलिहान और गोचर जमीन पर कब्जा हो गया। तालाब के पानी को गंदा कर दिया गया। आज इंसेफेलाइटिस जैसे बीमारी हो गई। अपने लिए हमने बीमारी बुला ली।

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रकृति और पुरुष का समन्वित रूप ही पर्यावरण है। जैव विविधता दिवस के आयोजन का उद्देश्य यही है कि प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए।*

**हमें रहना है तो पर्यावरण, नदी, पेड़, जीव जंतुओं के बारे में सोचना होगा**

जंगली जानवर अचानक हिंसक नहीं होता

210 करोड़ पौधे लगाकर हमने वन दायरा बढ़ाने की पहल की है



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमामि गंगे के परिणाम कानपुर में देखिए। रामायण का पहला बलिदानी जटायु है। जटायु के लिए संरक्षण केंद्र बनाने पड़ रहे हैं। आज केमिकल की वजह से जटायु अस्तित्व को जूझ रहा है। पता नहीं किसने देसी आम और जामुन के पेड़ काटने के आदेश से दिए। ये पृथ्वी केवल मनुष्य के लिए नहीं है। हमें रहना है तो पर्यावरण, नदी, पेड़, जीव जंतुओं के बारे में सोचना होगा। इसमें सरकार, पर्यावरणविद और आम लोगों को जोड़ने से सार्थक परिणाम सामने आएंगे। पर्यावरण बोर्ड इसमें काम कर रहा है।

**ऋषि परंपरा में पीपल, बरगद, नीम और आम आदि में ईश्वर का वास**

सीएम योगी ने कहा कि क्या हर काम के लिए सरकार पर ही निर्भर रहना चाहिए। पहले कोई व्यक्ति गांव की जमीन पर कब्जा नहीं करते थे। लोग प्रकृति की आराधना करते थे। ऋषि परंपरा में पीपल, बरगद, नीम और आम आदि में ईश्वर का वास बता दिया ताकि हम संरक्षण कर सकें। पहला ग्रास गाय और अंतिम ग्रास कुत्ते का निकाला जाता था। पहले घर में चींटी निकलती थी आता और चीनी डाल देते थे। चींटी चली जाती। आज स्प्रे छिड़क देते हैं। आज हमने विकास के नाम पर अपने लिए समस्या खड़ी कर दी है। आज हम ड्रेनेज और औद्योगिक कचरे को सीटीपी में ले जाना चाहते हैं जबकि सामान्य ड्रेनेज के लिए सीटीपी की जरूरत नहीं है। मुझे कभी-कभी जीवों के अचानक बदले व्यवहार को देखकर आश्चर्य होता है। जंगली जानवर अचानक हिंसक नहीं होता। उसके कारणों को जानना होगा।

## पेज एक का शेष

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई...

वह इसके खिलाफ लड़ाई के मामले पर भारत और बाकी दुनिया के प्रति अपनी सद्भावना प्रकट करता है। जबकि यूएई ने वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ जारी जंग में भारत को अपने दृढ़ समर्थन को प्रतिबद्धता के साथ दोहराया है। खाड़ी के प्रमुख देश ने ये भी कहा कि आतंकवाद केवल वैश्विक खतरा नहीं बल्कि यह समूची मानवता के लिए खतरा है। जापान में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता संजय कुमार झा की अगुवाई में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। जिसने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से बातचीत की। दल ने जापानी विदेश मंत्री से भारत की आतंकवाद के खिलाफ जारी जंग में समर्थन प्रदान करने की अपील की। साथ ही संजय झा ने पहलगाम हमले को केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की शांति और विकास को बाधित करने का एक कुकृत्य बताया। ताकेशी ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और घायलों दोनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। यह जानकारी जापान में भारतीय दूतावास के एक बयान के जरिए सामने आई है। उधर, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री 22 मई को जापान पहुंचे। जहां उन्होंने जापान की सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, एनएसए के अलावा अपने समकक्ष के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, आर्थिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान के विषय शामिल हैं।

**किसी देश-विशेष के लिए खतरा नहीं आतंकवाद :** शिवसेना (शिंदे) नेता श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में यूएई पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने 22 मई को वहां की फेडरल नेशनल काउंसिल की रक्षा, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष अली रशीद अल नूमी से मुलाकात की। नूमी ने कहा कि आतंकवाद केवल एक देश या क्षेत्र के लिए खतरा नहीं है। बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय खतरा है। हम मानते हैं कि बतौर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रूप में हमें एकजुट होना चाहिए। जिसमें संसद सदस्य विशेष रूप से शामिल हैं। सभी को योजना के साथ सारी मानवता को एक अच्छा भविष्य प्रदान करने के लिए एक रणनीति बनानी चाहिए। समझदार लोग इस मुद्दे को उठाएं और इस पर बातचीत करें। उन्होंने ये भी कहा कि हम पहले ही भारत के आतंकवाद के खिलाफ जारी प्रयासों में सहयोग कर रहे हैं। भारतीयों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। भारत, यूएई का सामरिक भागीदार है। जिसमें उसकी सरकार ही नहीं बल्कि वहां के लोग भी शामिल हैं। वार्ता के दौरान उन्होंने दोनों देशों के गहरे द्विपक्षीय संबंधों को रेखांकित किया। वहीं, शिंदे ने इस बातचीत को सकारात्मक और बेहद सार्थक बताते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ यूएई भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पूरी मजबूती से खड़ा है। यहां पर भारत की तरह ही विविधता की संस्कृति बरकरार है। जिसमें शांति और समृद्धि बनी हुई है। जो भी भारतीय यूएई में रहते हैं। वो अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हैं।

**यूएनएससी देशों पर यूं दिया ध्यान :** जायसवाल ने कहा, प्रतिनिधिमंडलों की यात्रा में शामिल यह जितने देश हैं। वो हमारे मजबूत वैश्विक भागीदार हैं। उनसे हमारे बड़े अच्छे रिश्ते हैं। कुछ यूएन सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं और कुछ आने वाले दिनों में परिषद में आने वाले हैं। इन सभी चीजों को मद्देनजर रखते हुए ये जरूरी था कि हम उन देशों में जाएं व आतंकवाद और उसकी चुनौती से किस प्रकार से लड़ना है? उसको समझाने, बातचीत करने और वैश्विक समुदाय से सहमति बनाने के लिए प्रतिनिधिमंडलों की यह यात्रा हो रही है। यात्रा के दौरान यह लोग घरेलू और वैश्विक मीडिया से भी बातचीत करेंगे।

### जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल...

**किडनी डायलिसिस की जा रही :** इधर, राममनोहर लोहिया से उनके एक्स हैंडल से उनके निजी सचिव के नाम नंबर समेत पोस्ट किया गया, 'मेरे बहुत से शुभचिंतकों के फ़ोन आ रहे हैं जिन्हें उठाने में मैं असमर्थ हूं। अभी मेरी हालत बहुत खराब है मैं किसी से भी बात करने की हालत में नहीं हूं। 11 मई से राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हूं। संक्रमण की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था। अब स्थिति बहुत गंभीर है और पिछले तीन दिनों से किडनी डायलिसिस की जा रही है। उनके पोस्ट के जवाब में कई यूजर्स ने मलिक के अस्पताल में भर्ती होने को समय संयोग से जोड़ा, कुछ ने इसे बचने का 'लालू-तरीका' करार दिया।

### 70 साल के एक मरीज...

सर्जरी के दौरान मरीज के पेट में पित्ताशय की थैली से पथरी निकालकर उनकी वर्षों पुरानी तकलीफ को दूर किया। डॉक्टरों ने मिनीमली इन्वेसिव लैपरोस्कोपिक सर्जरी कर गॉल ब्लैडर (पित्ताशय की थैली) में जमा हजारों गॉलस्टोन्स को निकाला। यह सर्जरी करीब एक घंटे चली और दो दिन बाद ही स्थिर अवस्था में मरीज को अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। लेकिन, सर्जरी के बाद और भी लंबा काम बाकी था क्योंकि सपोर्ट टीम को मरीज के पित्ताशय से निकाले गए गॉलस्टोन्स की गिनती करनी थी। सर्जरी के बाद घंटों बैठकर टीम ने इस गिनती में पाया कि यह आंकड़ा आश्चर्यजनक रूप से 8,125 था।

### सलमान खान की....

यानी 21 मई की रात एक महिला ने भी सलमान के घर में घुसने का प्रयास किया। गुरुवार सुबह मुंबई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ईशा छाबड़िया 36 साल की एक मॉडल है। गुरुवार सुबह-सुबह करीब 3 बजे वो सलमान खान की बिल्डिंग गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुस गई। उसने बिल्डिंग में घुसने के लिए कहा कि वो सलमान खान को जानती है और उन्हीं के बुलावे पर आई है। सलमान ने मना कर दिया कि उन्होंने किसी को नहीं बुलाया है। जब पुलिस ने उसे पकड़ा और पूछताछ की, तो ईशा ने बताया कि वो खार इलाके की रहने वाली है और छह महीने पहले एक पार्टी में सलमान खान से मिली थी। ईशा को आपराधिक घुसपैठ (क्रिमिनल ट्रैसपास) के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**छग का युवक एक रहवासी की कार में बैठकर अपार्टमेंट में घुस गया :** पहली घटना 20 मई को शाम 7:15 बजे हुई। इस मामले में पुलिस ने जितेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जितेंद्र कुमार छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 329(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। 20 मई की सुबह करीब 09:45 बजे एक अनजान व्यक्ति को गैलेक्सी अपार्टमेंट के आसपास घूमता हुआ देखा गया। तब अधिकारी ने उसे समझाया और वहां से जाने को कहा। इस पर वो व्यक्ति गुस्से में आ गया और अपना मोबाइल जमीन पर फेंककर तोड़ दिया। इसके बाद शाम करीब 7:15 बजे वही व्यक्ति दोबारा गैलेक्सी अपार्टमेंट के मेन गेट पर आया और एक निवासी की कार के जरिए अंदर प्रवेश कर गया। उस समय मौके पर मौजूद पुलिस कांस्टेबलों ने उसे तुरंत हिरासत में लेकर बांद्रा पुलिस को सौंप दिया। उसने कहा कि मैं सलमान खान से मिलना चाहता हूं, लेकिन पुलिस मुझे उनसे मिलने नहीं दे रही थी, इसलिए मैं छिपने की कोशिश कर रहा था।

### भारत-अमेरिका के बीच...

है कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता 8 जुलाई से पहले होने की संभावना है, जिसमें भारत टैरिफ छूट और कुछ क्षेत्रों में सुरक्षा की मांग कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता दोनों देशों के लिए आर्थिक और रणनीतिक रूप से लाभकारी हो सकता है, लेकिन दीर्घकालिक सफलता के लिए एक व्यापक समझौते की आवश्यकता होगी। यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है, विशेष रूप से वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति में बढ़ते सहयोग के संदर्भ में।

### द्विपक्षीय व्यापार को 500..

चाहता है। टैरिफ में छूट से भारतीय उत्पाद, विशेष रूप से कृषि और डेयरी क्षेत्र, अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी हो सकते हैं। दोनों देशों ने सितंबर-अक्टूबर 2025 तक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। भारत और अमेरिका के बीच मजबूत व्यापारिक संबंध हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने में सहायक होंगे।




एडवाइस / डॉ. मोनिका शर्मा



# समर वेकेशंस को ऐसे बनाओ एंज्वॉयफुल

समर वेकेशन, मतलब स्कूल जाने या होम वर्क करने या फिर ट्यूशन जाने की कोई टेंशन नहीं, ढेर सारी मस्ती के दिन। लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं, समर वेकेशंस यानी गर्मी की पूरी छुट्टियां इस तरह बिता दी जाएं कि जिसकी कोई उपयोगिता ही ना हो, बस समय की बर्बादी हो। तो बच्चो, समर वेकेशंस में खेल-कूद, मौज-मस्ती के साथ-साथ कुछ ऐसा भी करो कि समय का सही उपयोग हो, तुममें कोई एक्स्ट्रा स्किल डेवलप हो।

बच्चो, गर्मी की छुट्टियों में तुम्हें जबरदस्त धमा-चौकड़ी, घूमने और दादी-नानी के घर जाने का मौका मिलता है। फ्री रुटीन वाले इस टाइम में तुम कुछ अच्छा कर सकते हो, लेकिन इस समय थोड़ा अवेयर रहना भी जरूरी है। अब देखो, मम्मी-पापा तो हर मौसम में तुम्हारी केयर करते हैं। तपती धूप के इस मौसम में तुम्हारी थोड़ी-सी अवेयरनेस उनकी चिंता कम कर सकती है। खासकर अपनी हेल्थ को संभालने के लिए छोटी-छोटी बातों का तो तुम खुद भी खयाल रख ही सकते हो। थोड़ा केयरफुल रहने से तुम्हारा समर टाइम सचमुच फन टाइम बन जाएगा। इन हैप्पी हॉलिडेज में तुम कुछ अलग, कुछ नया ट्राई कर सकते हो।

**खेल-कूद का बनाओ सही रूटीन:** गर्मी के मौसम में हीट वेव्स बहुत से हेल्थ इश्यूज का कारण बनती हैं। हीट वेव्स के कारण डिहाइड्रेशन, थकावट और हीट स्ट्रोक जैसी सीरियस स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसीलिए समर वेकेशन के फ्री टाइम में भी खेलने-कूदने का सही शेड्यूल, सही रुटीन बनाना जरूरी है। इस मौसम में आउटडोर गेम्स के लिए सुबह या शाम का समय सबसे सही होता है, क्योंकि इस समय धूप कम रहती है। दिन के समय तुम दोस्तों को अपने घर बुलाकर या किसी दोस्त के घर जाकर अपनी पसंद के इनडोर गेम्स खेल सकते हो।

**गैजेट्स फ्री हो समर टाइम:** बच्चो, हमारे देश में कई ट्रेडिशनल और मजेदार इनडोर, आउटडोर गेम्स खेले जाते हैं। यकीन मानो, इन गेम्स को खेलकर तुम्हें खूब मजा आएगा। ये गेम्स मोबाइल या कंप्यूटर पर खेले जाने वाले वीडियो गेम्स से कहीं अधिक एंज्वॉयफुल हैं। हमारे पारंपरिक खेलों में कई सारे इनडोर और आउटडोर गेम्स शामिल हैं। कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू (हॉपस्कॉच), रस्सी कूद, रुमाल झपट, लट्टू और गिल्ली डंडा जैसे कई खेल खूब मजेदार हैं। ये गेम्स स्क्रीन गेम्स की तरह आंखों को नुकसान पहुंचाने या पोस्चर बिगाड़ने वाले नहीं हैं। हमारे ट्रेडिशनल गेम्स तुमको फिजिकली-मेंटली एक्टिव और हेल्दी बनाएंगे, टीमवर्क सिखाएंगे। तो इस बार समर वेकेशंस में अपने दादा-दादी, नाना-नानी और मम्मी-पापा से इन गेम्स के बारे में पूछो। ऐसे खेल उन्होंने अपने बचपन में जरूर खेले होंगे। इन ट्रेडिशनल गेम्स को जानो-समझो और खेलो।





### सीखो ऐसी चीजें जो बढ़ाए तुम्हारी प्रतिभा

बच्चो, समर वेकेशंस में तुम अपनी रुचि के अनुसार ऐसे कोर्स कर सकते हो जो तुम्हारी प्रतिभा को निखारे और स्किल को बढ़ाए। तुम म्यूजिक, सिंगिंग, पेंटिंग या डांसिंग की वर्कशॉप अटेंड कर सकते हो, जो तुम्हारी प्रतिभा को बढ़ाएगी। कोई शॉर्ट टर्म कोर्स भी कर सकते हो, जो तुम्हारे स्किल को बढ़ाए जैसे कोडिंग या इसी तरह का दूसरा कोई कोर्स।

**हाइजीन और हेल्थ का रखो ध्यान:** बच्चो, बाहर खेलने के बाद घर लौटने पर भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। बाहर से घर आने पर तुम्हें तुरंत एसी, फैन या कूलर चलाने या गटागट ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। खेलने-कूदने के बाद हाइजीन यानी स्वच्छता पर ध्यान जरूर देना। खेलते हुए धूल-मिट्टी भी शरीर से चिपक जाते हैं। इनसे इंफेक्शन हो सकता है। इसीलिए अच्छे से नहाकर अपनी बॉडी की साफ-सफाई का ख्याल रखना चाहिए। हां, बाहर से आकर तुरंत नहाने के बजाय पहले कुछ देर आराम से बैठकर पसीना सुखाना, फिर नहाना। ऐसा न करने से तुम्हें जुकाम या बुखार हो सकता है।

**ट्राई करो ट्रेडिशनल फूड्स:** गर्मी के मौसम में खाने-पीने में भी बदलाव जरूरी है। हमारे देश के हर हिस्से में अलग तरह का खान-पान होता है, वह भी मौसम के हिसाब से। साइंटिफिक रिसर्च भी मौसम के अनुसार बनाए गए हमारे ट्रेडिशनल फूड्स को सही बताते हैं। समर टाइम में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, लू लगने, डाइजेशन बिगड़ने जैसी परेशानियां बहुत होती हैं। इससे बचने के लिए थोड़ी सावधानी जरूरी है। समर सीजन में बाहर खाना-पीना अवॉयड करना चाहिए। इन दिनों घर का ट्रेडिशनल खाना शरीर को ठंडक देने का काम करता है। सत्तू, सीजनल फ्रूट्स, छाछ, शिकंजी, शर्बत, नारियल पानी और गन्ने का जूस जैसी चीजें टेस्टी ही नहीं हेल्दी भी हैं। टमाटर, लौकी, ककड़ी, संतरे, तरबूज और खरबूजे जैसे मौसमी फल-सब्जियां खाकर भी तरोताजा महसूस होता है। दादी-नानी के घर जाने पर वहां बनने वाले खास तरह के फूड आइटम्स को जरूर ट्राई करो। इसीलिए समर टाइम में ठंडक का एहसास करवाने वाली परंपरागत चीजों को मन से खाओ।



बच्चो, इस तरह समझदारी भरा रूटीन फॉलो करके, कुछ बातों का ध्यान रखकर तुम अपनी समर वेकेशंस को और भी एंज्वॉयफुल बना सकते हो। *

# अनोखा पक्षी पेलिकन



बच्चो, पक्षियों का अपना एक अलग-अनोखा संसार है। कई पक्षियों में कुछ ऐसी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो तुम्हें आश्चर्य में डाल देंगी। आज हम तुम्हें एक ऐसे ही अनोखे पक्षी 'पेलिकन' के बारे में बता रहे हैं।

पक्षी जगत
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया के कुछ सबसे बड़े पक्षियों में शामिल पेलिकन एक अनूठा पक्षी है। यह एक जलीय पक्षी है। पेलिकन अंटार्कटिका जैसे दुर्गम क्षेत्र को छोड़कर प्रायः पूरी दुनिया में ताजे पानी या नमकीन पानी की झीलों और अन्य जलीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

**पाउच वाली अनूठी चोंच:** पेलिकन की चोंच में लंबा-चौड़ा थैलीनुमा एक पाउच होता है। यह बेहद लचीला होता है, जिसे जरूरत पड़ने पर यह सिकोड़ या फैला सकता है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपनी चोंच में ग्यारह लीटर तक पानी या फिर दस किलो तक भोजन सामग्री मजे से रख सकता है। इतनी सामग्री तो इसके पेट में भी नहीं समाती।



**ऐसे करता है मछलियों का शिकार:** पेलिकन, मछलियों का शिकार करते वक्त उन्हें पानी सहित अपनी चोंच में दबोच लेता है, फिर मुंह नीचे की तरफ झुकाकर पानी छानकर गिरा देता है और मछलियों को निगल लेता है। चोंच के सिरे पर मौजूद हुक जैसी संरचना में यह कई बार मछलियों को अटका लेता है और फिर सिर ऊंचा करके गले में गटक लेता है। पेलिकन एक दिन में लगभग एक किलो तक मछली खा सकता है।

**तैरने और उड़ने में माहिर:** पेलिकन के पंजों में जाल बना होता है, जिससे इसे तैरने में आसानी होती है। इसकी हड्डियों के भीतर और डैनों के नीचे हवा के बुलबुले भरे होते हैं, जिससे यह पानी की सतह के ऊपर आसानी से बैठ या तैर सकता है। उड़ने से पहले इसे गति लेनी पड़ती है। जैसे विमान रनवे पर दौड़कर धीरे-धीरे जमीन से हवा में उठता है, ठीक उसी तरह यह भी पानी की सतह पर अपने विशाल डैनों को पीटते हुए दोनों पैरों से पानी को पतवार की तरह काटता है और फिर धीरे-धीरे हवा में ऊपर उठता है। यह दस हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। *

### पेलिकन की प्रजातियां

**पेलिकन की** कुल आठ प्रजातियां पाई जाती हैं। आमतौर पर पेलिकन के पंख सफेद होते हैं, जिन पर काले धब्बे होते हैं। कुछ प्रजातियों के पंख गुलाबीपन लिए हुए होते हैं। डालमेटियन प्रजाति के पेलिकन आकार में सबसे बड़े होते हैं। डैने फैलाने पर डालमेटियन पेलिकन का आकार साढ़े तीन मीटर तक हो जाता है। इसका वजन लगभग तेरह किलो तक हो सकता है। सबसे छोटे आकार के पेलिकन ब्राउन पेलिकन होते हैं। इसके डैने लगभग दो मीटर तक फैलते हैं और वजन लगभग तीन किलो तक होता है। इनके पंख चॉकलेटी ब्राउन होते हैं। भारत में मूल रूप से सफेद या रोजी ग्रे और डालमेटियन पेलिकन पाए जाते हैं।





कविता / वसीम अहमद

# चूहा-चुहिया गरमी में



बोली आइसक्रीम दिला दो
चाय पियूं न गरमी में,
बड़े शहर से आई चुहिया
बैठी है हठधर्मी में।
चूहा बोला गरमी है तो
ठंडी करके पी जाओ,
मुझ पर हुक्म चलाना छोड़ो
पगी हो क्या बेशर्मी में।
चुहिया बोली कैसे पी लूं
सर्दी की सौगात है ये,
गले से मेरे न उतरेगी
चाय-वाय इस गरमी में।
रात हो गई अब जिद छोड़ो
आइसक्रीम कल ला दूंगा,
मान भी जाओ अच्छा होगा
अभी कह रहा नरमी में।
चुहिया बोली धमकाओ मत
मुझे भी आता है लड़ना,
ठंडा रखो माथा अपना
लड़ो न इतनी गरमी में।

### बूझो तो जानें



1 गढ़े इन्हें हाथों से कुम्हार,
मिट्टी को देता आकार।
बॉल सरीखा गोलम-गोल,
पी लो पानी ढक्कन खोल।



2 खड़ा किचन में है यह कौन,
भीतर ठंडक बाहर मौन।
फल-सब्जियां ताजा रखे,
मुख के भीतर बर्फ के चक्के।

3 कमरे में ठंडा अहसास,
गर्मी फटकेगी ना पास।
फर-फर ना घुर-घुर आवाज,
पंखे जी बैठे नाराज।

-रोचिका अरुण शर्मा

उत्तर : 1.मटका, 2.फ्रिज, 3.एयर कंडीशनर



### जीके क्विज-155

1. हाल ही में कनाडा की विदेश मंत्री बनने वाली भारतीय मूल की महिला का क्या नाम है?
2. हाल ही में वर्ष 2025 के लिए किस भारतीय लेखिका को लिटरेचर का इंटरनेशनल बुकर प्राइज देने की घोषणा की गई?
3. दुनिया की पहली परमाणु पनडुब्बी का नाम क्या था?
4. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान गवर्नर कौन हैं?
5. यक्षगान भारत के किस राज्य का प्रमुख लोकनृत्य है?
6. विश्वप्रसिद्ध पीसा की मीनार किस देश में स्थित है?
7. चंदबरदाई किस शासक के दरबारी कवि थे?
8. कौन-सा जीवाणु दूध से दही जमाने में सहायक होता है?
9. आम का वैज्ञानिक नाम (साइंटिफिक नेम) क्या है?
10. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-154 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.हैदराबाद, 3.वी. नारायणन, 4.रेडक्लिफ, 5.कैनबरा, 6.राष्ट्रपति, 7.कैस्पियन सागर झील, 8.चंद्रगुप्त मौर्य, 9.थाइलैंड, 10.अमेरिका और कनाडा

**जीके क्विज-154 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रितेश-बलौदा बाजार, नीटू-सीतापुर, रमेश-कोरबा, रक्षिता-रायपुर, अमन-बिलासपुर, कुणाल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, कविश-दुर्ग, राकेश-रायगढ़, पिंकी-भोपाल

कहानी
डॉ. अमिता दुबे

दादी मां की अचानक तबियत खराब हुई तो क्षितिज को गर्मी की छुट्टियों में गांव आना पड़ा। मन ही मन वह गांव आने पर नाखुश था, लेकिन कुछ दिन में उसने वहां जो देखा और महसूस किया, क्षितिज का मन वापस शहर जाने का नहीं हो रहा था...

# अनोखी छुट्टियां



गर्मी की छुट्टियां हो गई थीं। क्षितिज को न पढ़ाई की चिंता थी न ही स्कूल जाने का झंझट। इन दिनों कंप्यूटर गेम, टीवी पर कार्टून फिल्में देखना और शाम को दोस्तों के साथ पार्क में खेलना, इस दिनचर्या में उसे खूब मजा आ रहा था। एक दिन क्षितिज शाम को खेलकर लौटा तो देखा मम्मी उदास बैठी थीं। उन्होंने बताया गांव से रामदीन काका का फोन आया था। दादी अम्मा बीमार हैं। तुरंत गांव बुलाया है। मम्मी ने पापा को फोन कर बता दिया है, वे जल्दी ही आने वाले हैं। तय हो चुका है, रात की ट्रेन से गांव के लिए निकल जाएंगे। मम्मी ने क्षितिज से भी अपना सामान लगाने को कहा। एक बार क्षितिज के मन में आया कि वह मम्मी से कह दे, उसे बोर होने गांव नहीं जाना है, घर पर अकेले रह लेगा, लेकिन मम्मी का मूड देखकर उसकी कुछ कहने की हिम्मत नहीं हुई।

क्षितिज जब ट्रेन में बैठा तो रह-रहकर उसका ध्यान अपने दोस्तों की ओर चला जा रहा था। वे तो गर्मी की छुट्टियों का मजा लेंगे और वह गांव में बोर होगा। क्षितिज को मन ही मन दादी अम्मा पर गुस्सा आया- इतनी बार पापा ने कहा पर अम्मा शहर आने को तैयार ही नहीं होतीं। न जाने गांव में क्या रखा है? अगर अम्मा यहां होतीं तो उसकी इस तरह छुट्टियां बर्बाद नहीं होती। और न जाने क्या-क्या सोचते उसकी आंख लग गई, जब आंख खुली तो पाया स्टेशन आ चुका था, मम्मी उसे जगा रही थीं। रामदीन काका, हां शायद रामदीन काका ही उन तीनों को लेने स्टेशन आए थे। वैसे तो उसने पहले कभी रामदीन काका को देखा नहीं था। हर वर्ष छुट्टियों में जब मम्मी-पापा गांव जाते हैं, वह नानी के पास ही मथुरा में रुक जाता है। चूंकि पापा का ट्रांसफर आगरा हो गया था, इसलिए तुरंत वह नानी के पास नहीं जा सका।

पापा ने रामदीन काका के पैर छुए तो मम्मी के कहने पर उसको भी पैर छूने पड़े। काका सबको लेकर स्टेशन से बाहर आए। वहां एक टैंपो खड़ा था। ऐसा विचित्र सा टैंपो क्षितिज ने पहले नहीं देखा था। वे चारों उसमें बैठ गए। कुछ देर बाद टैंपो गांव पहुंच गया। टैंपो से उतर कर कुछ दूर पैदल चलकर क्षितिज जिस घर में पहुंचा, उसे देखकर क्षितिज आश्चर्यचकित रह गया। इस घर में उसकी अम्मा रहती हैं, इतने बड़े घर में! सभी सीधे अम्मा के पास पहुंचे, जहां वह लेटी थीं। क्षितिज को लगा, अम्मा रो रही हैं। पापा उनके सिरहाने जाकर बैठकर उनका सिर सहलाने लगे। मम्मी उनके पैर दबाने लगीं। तब तक न जाने कहां से कई औरतें आ गईं, जिन्हें मम्मी-पापा, चाची, भाभी, बुआ संबोधित कह रहे थे। वह भौंचक्का-सा कभी अम्मा को, कभी मम्मी-पापा को और कभी आने वालों को देख रहा था। तभी उम्र में उससे काफी बड़ी दीदी जैसी दिखने वाली एक लड़की ने उसे अपने पास बुलाया। उसका नाम पूछा और लस्सी का गिलास उसे पकड़ा दिया। फिर दो लड्डू क्षितिज को देते हुए बोलीं, 'खाओ बबुआ।' क्षितिज ने मम्मी की ओर देखा। मम्मी बोलीं, 'खा लो ये तुम्हारी रमा बुआ हैं।'

क्षितिज गिलास और लड्डू लेकर बाहर आ गया। एक लड़का मुस्कुराता हुआ उसके पास आया और बोला, 'अच्छा किया क्षितिज, तुम आ गए। पिछली बार चाची से हमने कहा था, अबकी बार आएं तो तुम्हें भी साथ लेती आएं। जब तुम छोटे थे, तब एक बार तुम यहां आए थे।' क्षितिज को कुछ याद नहीं था, लेकिन आभास के साथ बात कर उसे अच्छा लगा।

क्षितिज ने धीमी आवाज में पूछा, 'क्यों आभास भइया! ये सभी लोग हमारे घर में ही रहते हैं?' आभास ने बताया, 'अरे नहीं, ये लोग पड़ोस के घरों में रहते हैं, तुम लोगों को आया हुआ देखकर आ गए।' क्षितिज को अपने शहर की कॉलोनी याद आई, जहां किसी के आने-जाने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। न कोई किसी से इतने प्यार से बोलता है। वहां कोई कभी-कभार ही घर पर आता है। दादी के घर जैसा माहौल उसने कभी नहीं देखा। थोड़ी देर बाद बहुत सारे आदमी आंगन में आ गए। आभास ने ही बताया, 'ये पापा के दोस्त हैं।'

'पापा के इतने सारे दोस्त!' क्षितिज को आश्चर्य हुआ। जहां तक उसे पता है, वहां शहर में उसके घर में पापा का कोई दोस्त कभी नहीं आता।

आभास ने बताया, 'ये सभी लोग हर वर्ष तुम्हारे पापा के आने पर आते हैं। इनमें से कुछ लोग तुम्हारे पापा के साथ पढ़े हैं। सभी इंतजार करते हैं, तुम्हारे पापा के आने का। ये लोग अकसर तुम्हारी दादी अम्मा से मिलने आते हैं। अगर दादी को किसी चीज की जरूरत होती है तो पूरी करते हैं।'


आभास ने अगले दो दिनों में अपने सभी दोस्तों से क्षितिज का परिचय करवा दिया था। उनसे मिलकर क्षितिज को बिल्कुल भी नहीं लगा कि वह पहली बार उनसे मिला है। उनकी बातों से उसे लगा कि वे सभी उसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। नहीं जानता है तो वह ही इस वातावरण की सुंदरता और यहां रहने वाले लोगों की आपसी प्रेम-भावना को। क्षितिज रोज गांव में बच्चों के साथ खेलता। पेड़ों की छांव में बैठकर बातें करता। बच्चे पके मीठे आम तोड़कर खाते और गांव की ठंडी, शुद्ध हवा का आनंद लेते।

समय पंख लगाकर उड़ गया। अम्मा तो उन सबके आने के एक सप्ताह बाद ही ठीक हो गई थीं। पापा वापस चले गए थे। क्षितिज और मम्मी गांव में ही रुक गए थे। अब उन्हें भी जाना था। पापा लेने आने वाले थे। क्षितिज का मन यहां से जाने का नहीं हो रहा था। जाने वाले दिन की पूर्व संध्या पर वह आभास के साथ सभी दोस्तों से मिलने तालाब किनारे गया था, जहां सभी इकट्ठा थे। सब लड़के उसके लिए कोई न कोई उपहार लाए थे। सभी उससे वायदा लेना चाहते थे कि हर वर्ष वह गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां आया करेगा।

क्षितिज ने अचानक भावुक होकर बोला, 'मित्रो! ये अनोखी छुट्टियां मुझे जीवन भर याद रहेंगी। आप सबने मुझ अनजान को जो प्यार, आदर दिया, वह मैं कभी भूल नहीं सकता। मैं वायदा करता हूं कि छुट्टियों में तो आऊंगा ही! हर बड़ा त्योहार भी यहां आप सबके बीच मनाने आऊंगा। अम्मा के बिना हम सब वहां उदास रहते हैं और हमारे बिना अम्मा यहां। अब त्योहार पर कोई उदास नहीं होगा। न अम्मा न हम।', 'और न हम सब...!' बच्चों का समवेत स्वर गूंजा। *

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां झूला झूलती एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट ये छह अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर : 1.बाईं तरफ वाले बादल के पीछे से सूरज निकलता दिख रहा है। 2.बाईं तरफ लड़की के बाल के पीछे झूले का [illegible] अलग रंग का है। 3.लड़की [illegible] है। 4.लड़की के स्कर्ट का [illegible] है। 5.झूले की [illegible] पर दाईं तरफ एक गोलाकार निशान बना हुआ है। 6.दाईं तरफ [illegible] की रस्सी का रंग अलग है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# दस रोचक कहानियां

बच्चो, कुछ समय पहले ही दस रोचक कहानियों की किताब 'बांसुरी बजाने वाला खरगोश' छपकर आई है। इसे लिखा है प्रख्यात लेखिका क्षमा शर्मा ने। इनमें से कुछ कहानियों में उड़ने वाली जादुई कार, उड़ने वाली किताब और उड़ने वाले मोबाइल के ऐसे कारनामे हैं कि इन्हें पढ़ते हुए तुम्हारा मन रोमांच से भर उठेगा। कुछ कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। ऐसी ही एक कहानी है 'जंगल की रानी', जिसमें एक बकरी कुछ ऐसा कारनामा करती है कि जंगल का राजा शेर उसे जंगल की रानी बनाने की सोचने लगता है। इसी तरह ताकतवर शिब्बू पहलवान, कैसे बच्चों की मदद करता है, इसे तुम 'बच्चों का दोस्त' कहानी में पढ़ सकते हो। 'पेड़ पर झंडियां' एक बहादुर बच्चे नंदू की कहानी है, जो रेलगाड़ी का एक्सीडेंट होने से बचा लेता है तो 'इंजन चले साथ-साथ' में तुम पढ़ोगे कि रजनी, सोमेश और उनके दोस्त किस तरह एक पुराने रेलवे इंजन को साफ-सुथरा कर ऐसे सजा देते हैं कि सब चकित रह जाते हैं। एक बच्चे और तितली की मस्ती करने की कहानी 'तितली की खुशी' पढ़कर भी तुमको खूब मजा आएगा। बांसुरी बजाने वाले मुटकू खरगोश की कहानी भी तुम्हें बहुत पसंद आएगी। *




***किताब:*** *बांसुरी बजाने वाला खरगोश,* ***लेखिका:*** *क्षमा शर्मा,* ***मूल्य:*** *125 रुपए,* ***प्रकाशक:*** *साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली*

## खबर संक्षेप

### टाइगर रिजर्व की टीमों ने किया उत्पात मचाने वाले हाथी का सफल रेस्क्यू

**भोपाल।** टीम के उत्कृष्ट प्रयासों के चलते हाथी को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से पांडी हाथी शिविर तक सफलतापूर्वक पहुंचा दिया गया है। संजय एवं बांधवगढ़ दोनों टाइगर रिज़र्व की संयुक्त टीमों ने हाथी का आकलन कर रेस्क्यू प्रक्रिया पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। संजय एवं बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के फील्ड डायरेक्टर्स के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। दोपहर लगभग 2 बजे यह हाथी सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया। हाथी को परीक्षण एवं पुनर्वास की प्रक्रिया के लिए बांधवगढ़ हाथी शिविर में भेज दिया गया है।

### मैनिट भोपाल में पांच दिवसीय जीआईएएन वर्कशॉप शुरू

**भोपाल।** राजधानी स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में बुधवार से पांच दिवसीय जीआईएएन (ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्कस) वर्कशॉप शुरू हुई। मैनिट भोपाल, आईआईएसईआर और शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित वर्कशॉप में देशभर के प्रमुख शिक्षाविद, नीति-निर्माता और जलवायु विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। 23 मई तक चलने वाली इस कार्यशाला के पहले दिन बुधवार को जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य शर्मा, डॉ. बिजेन्दर बघेल, प्रो करुणेश कुमार शुक्ल, मुकुल कुलश्रेष्ठ, प्रो. विष्णु प्रसाद, प्रो. एमके चौधरी, डॉ. सोमिल मौजूद रहे।

### पीएम मोदी के भोपाल आगमन के लिए जारी तैयारियों का मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने किया निरीक्षण

**31 मई को जम्बूरी मैदान में होगा महिला सम्मेलन**

# पंडाल में बैठेंगी महिलाएं, पार्किंग के लिए अफसरों की लगाई ड्यूटी

### आज किया जाएगा काम का बंटवारा, कलेक्टर करेंगे मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि महिलाओं की प्रगति के बिना देश-प्रदेश की प्रगति अधूरी है। इसी उद्देश्य से उन्होंने ज्ञान के सूत्र के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को विशेष महत्व दिया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी महिला सम्मेलन में सहभागिता के लिए 31 मई को भोपाल आ रहे हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के त्रिशताब्दी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण और महिला स्वावलम्बन पर केंद्रित इस सम्मेलन में दो लाख से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। भोपाल में होने वाला यह आयोजन, नया रिकार्ड बनाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जम्बूरी मैदान पर जारी तैयारियों, प्रस्तावित यातायात और बैठक व्यवस्था आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में बहनें भाग ले रही हैं, उनकी बैठक व्यवस्था, खान-पान और पेयजल की उपलब्धता तथा आयोजन स्थल पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित गतिविधियों और महिला स्वावलम्बन की दिशा में स्व-सहायता समूहों व कौशल उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

लोकमाता देवी अहिल्या, सुशासन का प्रतीक रही हैं। अतः जनकल्याण और प्रदेशवासियों का जीवन सुगम बनाने के लिए प्रदेश में संचालित कार्यक्रमों को भी यहां प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन के संबंध में जम्बूरी मैदान (भेल) में जारी तैयारियों के निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

**खास बातें**

- लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के त्रिशताब्दी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में होगा सम्मेलन
- स्व-सहायता समूहों पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी



### मंत्री, सांसद, विधायकों ने भी किया निरीक्षण

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद खजुराहो वीडी शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, राज्य मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जिला प्रशासन, भोपाल पुलिस तथा नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### आयोजन में करीब दो लाख महिलाएं होंगी शामिल

मार्च माह में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के बाद 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दो लाख महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। इन महिलाओं के लिए जंबूरी मैदान में पंडाल सहित अन्य इंतजाम किए जाएंगे। जबकि पार्किंग के लिए भी अफसरों की ड्यूटी लगाई जानी है। बुधवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कार्यक्रम को लेकर बैठक रखी, जिसमें मंच से लेकर एयरपोर्ट आने-जाने और पार्किंग की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर ने बताया कि महिला सम्मेलन कार्यक्रम में सभी जिला अधिकारियों की ड्यूटी तय की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के आगमन और कार्यक्रम को लेकर पूरी अफसर तालमेल के साथ काम करें।

### जाम से बचाने तैनात रहेंगे ट्रैफिक

कलेक्टर ने नगर निगम, पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, स्मार्ट सिटी प्रबंधन और अन्य विभागों को हिदायत देते हुए कहा कि पीएम के आगमन और कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने एयरपोर्ट और आयोजन स्थल तक यातायात और पार्किंग का प्लान बनाने के निर्देश दिए।

### देवी अहिल्याबाई की शासन व्यवस्था की तरह भाजपा सरकारें महिला सशक्तिकरण का कार्य कर रहीं : विष्णुदत्त



## देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को भोपाल मध्य विधानसभा में आयोजित शोभा यात्रा में शामिल होकर संबोधित किया। भोपाल जिला भाजपा द्वारा आयोजित शोभा यात्रा न्यू कैंपियन स्कूल, ग्यारह सौ क्वार्टर से प्रारंभ होकर देवी अहिल्याबाई होल्कर चौराहे पर संपन्न हुई। देवी अहिल्या बाई होल्कर चौराहे पर उनकी प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने शासनकाल में एक आदर्श सुशासन व्यवस्था स्थापित की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा स्थापित सुशासन व्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार देवी अहिल्याबाई के शासन व्यवस्था की तरह महिला सशक्तिकरण के कार्यों में जुटी हैं।



**औचक निरीक्षण और वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा**

# 15 जून से पहले सभी सड़कों का होगा मेंटेनेंस, ठेकेदारों को निर्देश दिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं, 20 मई को हुए औचक निरीक्षणों और वर्षा पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में 20 मई को 7 मुख्य अभियंताओं के दलों से प्रदेश के 7 जिलों में किए गए 35 निर्माण कार्यों के निरीक्षण प्रतिवेदनों पर चर्चा की गई। मंत्री राकेश सिंह ने सभी सड़कों के प्रिवेंटिव मेंटेनेंस कार्यों को 15 जून से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परफॉर्मेंस गारंटी अवधि के अंतर्गत आने वाली सड़कों के ठेकेदारों को लिखित में मेंटेनेंस कार्यों के लिए निर्देशित करने की बात कही।

### सड़कों को लोकपथ मोबाइल एप से जोड़ने की पहल



बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अफसरों को निर्देशित किया। कि निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से वन विभागीय अनुमतियों और भू-अर्जन से जुड़ी समस्याओं को समय रहते हल करने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में लोकपथ मोबाइल एप की कार्यप्रणाली पर भी विचार हुआ। मंत्री सिंह ने निर्देशित किया कि एनएचएआई के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों को भी लोकपथ मोबाइल एप से जोड़ने की संभावनाएं तलाशी जाएं। वर्तमान में एप पर केवल लोक निर्माण विभाग की सड़कों का डेटा उपलब्ध है।

### पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों की

**मानसून पूर्व 500 लोक कल्याण सरोवरों के निर्माण के**

बैठक में मंत्री सिंह ने पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों की चर्चा करते हुए कहा कि इस मानसून पूर्व 500 लोक कल्याण सरोवरों के निर्माण के प्रयास किए जाएं। इन सरोवरों का निर्माण नियोजित खनन के माध्यम से किया जाएगा, जिनमें फेंसिंग, पौधरोपण और चेतावनी संकेतक अनिवार्य होंगे। एलिवेटेड कॉरिडोर से वर्षा जल पुनर्भरण की योजनाः मंत्री राकेश सिंह ने जबलपुर में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर के उदाहरण का हवाला देते हुए सभी फ्लाईओवर्स और एलिवेटेड संरचनाओं में वर्षा जल निकासी को रिचार्ज बोर से जोड़ने का निर्देश दिया।

# जुलाई के बाद अब सितंबर में मेट्रो चलाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में आम लोगों के लिए मेट्रो शुरू करने के साथ ही भोपाल में मेट्रो चलाने में हो रही देरी हो रही है। यहां पर हबीबगंज के स्टील ब्रिज और डिपो के काम में हो रही देरी की वजह से भोपाल में मेट्रो का काम पिछड़ता जा रहा है। पिछले छह महीने से मेट्रो रेल कारपोरेशन जुलाई 2025 में आम लोगों के लिए मेट्रो चलाने का ऐलान कर रहा है, लेकिन स्टेशन और डिपो का काम पिछड़ने से इसकी मियाद बढ़ाकर सितंबर कर दी गई है। सुभाष नगर से एम्स तक के सात किमी रूट में 8 स्टेशन आते हैं, जिसके पांच स्टेशनों पर फिनिशिंग काम तेजी से चल रहा है, जबकि तीन पर इंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर काम जारी है। स्टेशनों के अंदर फॉल सीलिंग, लाइटिंग, टाइल्स का काम किया जा रहा है। यह रूट एलिवेटेड कॉरिडोर के रूप में विकसित हो रहा है। जिसमें रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर स्काईवॉक बनेगा। 700 मीटर का स्काईवॉक का एक सिरा मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स और दूसरा सिरा रेलवे स्टेशन के कॉनकोर्स से जुड़ा होगा।




# राज्य सरकार वर्ष 2028 तक मध्य प्रदेश को टीबी रोग मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध

### राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने निःक्षय शिविर अभियान के उत्कृष्टता पुरस्कार किए प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार को 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान के संचालन में टीबी उन्मूलन प्रयासों को विस्तारित करने, समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से फूड बास्केट वितरण करने और 5 हजार से अधिक टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य की उपलब्धियां उत्कृष्ट टीमवर्क और प्लानिंग का नतीजा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में उत्तम सुख निरोगी काया का भाव प्राचीन काल से ही विद्यमान रहा है। परिवारों में ऋतु आधारित आहार-विहार और संयमित जीवन शैली के विचार के व्यवहार में पालन की परिपाटी रही है। राज्यपाल पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान सम्मान समारोह और स्वस्थ यकृत मिशन का शुभारंभ राजभवन स्थित सांदीपनि सभागार में किया।

**राजभवन में 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान सम्मान और स्वस्थ यकृत मिशन का किया शुभारंभ**




### रोगी दवाओं के प्रति ड्रग रजिस्टेंट हो जाता

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि टीबी के उन्मूलन के लिए संक्रमण नियंत्रण और सही तरीके से समय पर पूरी मात्रा में दवा लेने के संबंध में भी जन जागृति के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि टीबी की दवा को बीच में छोड़ने से रोगी दवाओं के प्रति ड्रग रजिस्टेंट हो जाता है। इससे इलाज कठिन और संक्रमण फैलने की संभावना भी बढ़ जाती है। उन्होंने नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए स्वस्थ यकृत मिशन शुभारंभ के लिए सरकार की सराहना की। राज्यपाल पटेल ने कार्यक्रम में स्वस्थ लिवर की जांच के लिए बताए गए आसान तरीकों से जांच करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए कहा है।*

### राज्य सरकार 2028 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पतंजलि से लेकर घेरंड संहिता तक से हमें, काया को निरोगी बनाए रखने के सूत्र प्राप्त होते हैं। भारतीय ज्ञान ग्रंथ भी यही विचार देते हैं कि जैसे पका हुआ फल अपना जीवन पूर्ण करता है, वैसे ही व्यक्ति भी अपनी जीवन यात्रा पूर्ण करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यपाल पटेल की प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता सराहनीय है। राज्य सरकार वर्ष 2028 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में हर स्तर पर सघन प्रयास जारी हैं।

**सम्मानित टीबी चैंपियंस के प्रयासों की प्रशंसा**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सम्मानित टीबी चैंपियंस के प्रयासों और टीबी को हराने के उनके मन के संकल्प और प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 72 वर्षीय पद्म भूषण डॉ. सरीन की नियमित दिनचर्या और प्रतिदिन व्यायाम करने की जानकारी देते हुए सभी को व्यायाम और नियमित दिनचर्या के लिए प्रेरित किया है।*

### 90 लाख लोगों की विभिन्न रोगों की जांच की गईः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान में केंद्र सरकार द्वारा केवल मध्य प्रदेश का सम्मान किया गया है। उन्होंने टीबी उन्मूलन प्रयासों के क्रियान्वयन में प्रदेश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि निरोगी काया अभियान के तहत 90 लाख लोगों की डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, फैटी लिवर सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई है। अभियान को जारी रखते हुए शत प्रतिशत के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एयर एम्बुलेंस द्वारा रोगियों को उपचार उपलब्ध कराने के साथ ही अंग प्रत्यारोपण के लिए अंग उपलब्ध कराने का कार्य भी सफलता पूर्वक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंगदान, देहदान करने वालों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा।

## चिंतन

# अमेरिका की पाकपरस्त नीति से सतर्क रहना होगा

अमेरिका और पाकिस्तान की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। दोनों भले ही रिश्तों में तल्खी का दिखावा करें, लेकिन जब भी पाकिस्तान को मदद की जरूरत होती है, अमेरिका वहां मौजूद होता है और इसके लिए वो पाकिस्तान से पूरी कीमत भी वसूलता है। इसे पाकिस्तान की मजबूरी कहें या कुछ और, वह भी अमेरिका को कीमत अदा करने के लिए तैयार रहता है, चाहे बात अफगानिस्तान में अमेरिकी हमले का समर्थन करने की हो या फिर भारत के खिलाफ भूराजनीतिक दबाव की राजनीति खेलने की, अमेरिका हमेशा से पाकिस्तान का मददगार रहा है। यहां तक कि आतंकवाद पर भी वो अनेक मौकों पर पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया है। उसके खुद के सीने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी जख्म लगने के बाद एक बारगी अमेरिका ने आतंक पर कड़ा रुख जरूर अपनाया। यहां तक कि वर्ल्ड ट्रेंड सेंटर पर हमले का साजिशकर्ता लादेन पाकिस्तान में ही पाया गया। इसके बावजूद अमेरिका का पाक प्रेम कम नहीं हुआ। दिखावे के लिए तो अमेरिकी ने आतंकवादियों को पोषण दिए जाने को लेकर पाकिस्तान की सार्वजनिक रूप से कई बार आलोचना की। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने बार-बार पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से आईएसआई, तालिबान और लश्कर-ए-तैयबा के बीच संबंधों को उजागर किया, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका पाकिस्तान को एक रणनीतिक साझेदार बताता रहा। अमेरिका की पाक को लेकर नीति हमेशा से भारत विरोधी रही है। कौन नहीं जानता कि अमेरिका ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था। हथियार और पैसा दोनों से मदद की। युद्ध के दूसरे ही दिन भारत के हमले से हिले पाकिस्तान के राष्ट्रपति याह्या खान ने अमेरिकी राष्ट्रपति भवन को एक आपात संदेश भेजकर मदद मांगी थी। इसके बाद अमेरिका ने अपने सातवें बेड़े को बंगाल की खाड़ी भेजने का फैसला किया था। अमेरिका के सातवें बेड़े का मुकाबला करने के लिए तत्कालीन सोवियत संघ ने अपना एक बेड़ा भारत के समर्थन में उतार दिया था। यह बेड़ा अमेरिकी बेड़े की किसी भी कार्रवाई का जवाब देने के लिए तत्पर था, लेकिन इसकी नौबत नहीं आई। पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के बाद अमेरिका का बेड़ा वापस लौट गया। इसके अलावा भी ऐसे अनेक मौके आए, जब अमेरिका पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया। ऐसा ही एक मौका तक भी आया, जब भारत ने सात मई को पाकिस्तान में स्थित आतंकियों पर हमला किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया पूरी तरह से पाक परस्त दिखाई दे रहा है। वो बार-बार भारत पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की बात करते हुए दोनों देशों के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने की कोशिशों में लगे हैं। यहां तक कि ट्रंप ने कश्मीर में मध्यस्थता करने का भी ऐलान कर दिया। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरी सरकार कह चुकी है कि पाकिस्तान से अगर अब बात होगी तो आतंकवाद या पाक अधिकृत कश्मीर पर होगी। इसके बावजूद अमेरिका पाक का सरपरस्त बना हुआ है। असल में अमेरिका अब पाकिस्तान की विशाल खनिज संपदा का दोहन करने में रुचि दिखा रहा है। जो स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के वित्तपोषण की चिंताओं के बावजूद, अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए आवश्यक खनिजों के लिए पाकिस्तान को रणनीतिक साझेदार के रूप में देख रहा है। भारत को अमेरिका की इस स्वार्थ नीति से सतर्क रहना होगा।

## व्यंग्य



जयराम शुक्ल

# कानून से ज्यादा आचरण का विषय है भ्रष्टाचार

शरद जोशी ने कोई चालीस वर्ष पहले 'हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे' व्यंग्य निबंध रचा था। तब यह व्यंग्य था, लोगों को गुदगुदाने वाला। भ्रष्टाचारियों के सीने में नश्तर की तरह चुभने वाला। अब यह व्यंग्य, व्यंग्य नहीं रहा, यथार्थ के दस्तावेज में बदल चुका है। भ्रष्टाचार की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही व्यंग्य की मौत हो गई। समाज की विद्रूपताओं की चीर-फाड़ करने के लिए व्यंग्य का जन्म हुआ था। परसाई जी ने व्यंग्य को शूद्रों की जाति में रखते हुए लिखा था व्यंग्य चरित्र से स्वीपर है। वह समाज में फैली सड़ांध में फिनाइल डालकर उसके कीटाणुओं का नाश करने का काम करता है। ये स्वीपर अब साहित्य की जाति-बिरादरी से बाहर है। इस कुजात के लिए भला अब किससे आरक्षण मांगें। जोशी-परसाई युग में सदाचार, लोकलाज व सामाजिक मर्यादा के मुकाबले विषमताओं, विद्रूपताओं और भ्रष्टाचार का आकार बेहद छोटा था। व्यंग्य उन पर प्रहार करता था। लोग सोचने- विचारने के लिए विवश होते थे। भ्रष्टाचार का स्वरूप इतना व्यापक नहीं था। व्यंग्य कब विद्रूपता के मुंह में समा गया, पता ही नहीं चला। भ्रष्टाचार की व्यापकता पर जोशी जी लिखते हैं 'सारे समंदर की मसि (स्याही) करें और सारी जमीन का कागज, फिर भी भ्रष्टाचार का भारतीय महाकाव्य अलिखित ही रहेगा। वेद पुराणों में भगवान का यह कहते हुए उल्लेख है कि 'हम भक्तन के भक्त हमारे'। जोशी जी ने भ्रष्टाचार के लिए यही भाव लिया था- हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे। आज के दौर के बारे में सोचते हुए लगता है कि हमारे अग्रज साहित्यकार कितने बड़े भविष्य वक्ता थे। भ्रष्टाचार, सचमुच भगवान की तरह सर्वव्यापी है, कण-कण में, क्षण-क्षण में। मंदिर में, धर्माचार्यों के बीच भगवान की पूजा हो न हो, भ्रष्टाचार्य जी पूरे विधि-विधान से पूजे जाते हैं। आसाराम, नित्यानंद, राम-रहीम, रामपाल, निर्मल बाबा से लेकर नगद लेकर महामंडलेश्वर की पदवी बांटने वाले धर्माचार्यों की लंबी कतार है जिन्होंने मंत्रोच्चार और पूरे कर्मकांड के साथ भ्रष्टाचार की प्राण-प्रतिष्ठा की है और हम वहां शीश नवाने पहुंचते हैं। भगवान को माता लक्ष्मी प्रिय है तो भ्रष्टाचार्य जी को भी लक्ष्मी मैया अतिप्रिय। रूप बदलने, नए-नए नवाचार और अवतार में भी भ्रष्टाचार का कोई सानी नहीं। आज के दौर में परसाई जी-शरद जोशी जी होते तो भ्रष्टाचार को लेकर और क्या नया लिखते! उनके जमाने में एक-दो भोलाराम यदाकदा मिलते जिनके जीव पेंशन की फाइलों में फड़फड़ाते। आज हर रिटायर्ड आदमी भोलाराम है, फर्क इतना कि वह परिस्थितियों से समझौता करते हुए परसेंट देने पर राजी है। परसेंट की यह कड़ी नीचे से ऊपर तक उसी तरह जाती है जैसे राजीव गांधी का सौ रुपया नीचे तक दस पैसा बनकर पहुंचता है। पिछले कुछ दिनों से भ्रष्टाचार पर भारी बहस चल रही है। भ्रष्टाचारी भी भ्रष्टाचार पर गंभीर बहस छेड़े हुए हैं। चैनलों ने इसे प्रहसन का विषय बना दिया। टीवी चैनलों में कभी-कभी बहस इतनी तल्ख हो जाती है कि मोहल्लों में औरतों के बीच होने वाले झगड़ों का दृश्य उपस्थित हो जाता है। एक कहती है..तू रांड तो दूसरी जवाब देती है तू रंडी.. एक ने कहा तुम्हारी पार्टी भ्रष्ट तो दूसरा तड़ से जवाब देता है, तुम्हारी तो महाभ्रष्ट है। टीवी शो में एक पार्टी के प्रतिभागी ने कहा, फलां जी से बस इतनी गलती हो गई कि उन्होंने आपकी वाली पार्टी में जाकर प्रशिक्षण नहीं लिया था। वे लाखों-करोड़ों गटक लेते हैं और पता भी नहीं चलता। भ्रष्टाचार अब बुद्धि विलास का विषय बन चुका है। चमड़ी इतनी मोटी हो गई कि व्यंग्य की कौन कहे, गालियां तक जज्ब हो जाती हैं। एक नया फार्मूला है खुद को ईमानदार दिखाना है तो दूसरों को जोर-जोर से बेईमान कहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई भी कर्मकांडी हो गई है। भ्रष्टाचारी कौन है? यह चिमनी लेकर खोजने का विषय नहीं है। हम सबने मिलकर भ्रष्टाचार को अपने आचरण में जगह दी है। जिस दिन कोई पिता अपने बेटे को इसलिए तिरष्कृत कर देगा कि उसके भ्रष्टाचार की कमाई से बनी रोटी का एक टुकड़ा भी स्वीकार नहीं करेगा, कोई बेटा बाप की काली कमाई के साथ बाप को भी त्यागने का साहस दिखाएगा, परिवार और समाज में भ्रष्टाचार करने वालों का सार्वजनिक बहिष्कार होने लगेगा, उस दिन से ही भ्रष्टाचार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। क्योंकि भ्रष्टाचार कानून से ज्यादा आचरण का विषय है। कत्ल करने वाले को फांसी दिए जाने का प्रावधान है लेकिन कत्ल का सिलसिला नहीं रुका है। भ्रष्टाचारियों को कानून की सजा देने मात्र से भ्रष्टाचार रुकने वाला नहीं। क्या कोई अपने घर से भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ने की शुरुआत करने को तैयार हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## दो टूक

राज कुमार सिंह

# जहरीली शराब के लिए व्यवस्था जिम्मेदार

> आईपीएस अधिकारी से आप विधायक बने कुंवर विजय प्रताप सिंह ने यह याद दिला कर अपनी ही पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं कि 2020 के हादसे पर मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। हर हादसे के बाद जांच की घोषणा होती है। उसकी रिपोर्ट भी आती ही होगी, पर बार-बार हादसे बताते हैं कि उन रिपोर्टों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जरूरी सबक नहीं सीखे जाते। अब भारतीय समाज में शराब का कारोबार और उपयोग शर्म का नहीं, बल्कि शान का प्रतीक बन गया है। हादसे रोकने में नाकाम हमारी व्यवस्था अक्सर हादसे के बाद जेम्स बांड की तरह खुलासे करने लगती है।

पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा ब्लॉक में जहरीली शराब ने दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जान ले ली। अब पुलिस-प्रशासन से लेकर सरकार तक पीड़ित परिवारों को सांत्वना बंधाते हुए दावा कर रहे हैं कि वे अवैध शराब के कारोबार के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं। सवाल अनुत्तरित है कि उनकी प्रतिबद्धता के बावजूद जहरीली शराब का कारोबार पंजाब में चल कैसे रहा है, जिसने अब 27 गरीबों की जान ले ली? अगर संवेदना और प्रतिबद्धता, हादसे के बाद ही जागी है, तो इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वक्त गुजरने के साथ सब कुछ पहले जैसे ही चलने लगेगा।

यह टिप्पणी शासन-प्रशासन पर कठोर लग सकती है, पर अतीत का अनुभव यही बताता है। अगस्त, 2020 में जब पूरा देश कोरोना के कहर से भयाक्रांत था, पंजाब के तरनतारन, अमृतसर और बठिंडा जिलों में जहरीली शराब पीने से 135 लोगों की मौत का सरकारी आंकड़ा है। राज्य की मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार कह सकती है कि तब वह सत्ता में नहीं थी, पर 2022 में उसके सत्ता में आने के बाद भी जहरीली शराब से मौतें रुकीं तो नहीं। पिछले साल ही संगरूर में अवैध शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गयी थी। वैसे आईपीएस अधिकारी से आप विधायक बने कुंवर विजय प्रताप सिंह ने यह याद दिला कर अपनी ही पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं कि 2020 के हादसे पर मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। हर हादसे के बाद जांच की घोषणा होती है। उसकी रिपोर्ट भी आती ही होगी, पर बार-बार हादसे बताते हैं कि उन रिपोर्टों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जरूरी सबक नहीं सीखे जाते।

ऐसी ही एक एसआईटी जांच रिपोर्ट में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के लिए स्थानीय एसएचओ और डीएसपी को जिम्मेदार बनाने का सुझाव दिया गया था, पर उस पर अमल नहीं हुआ। सामान्य समझ भी बताती है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री का नेटवर्क न सिर्फ पुलिस-प्रशासनिक, बल्कि राजनीतिक संरक्षण बिना भी नहीं चल सकता। पंजाब को सबसे ज्यादा बर्बाद करने वाले नशीले पदार्थों के कारोबार के लिए भी पुलिस-प्रशासन और राजनेताओं पर उंगलियां उठती रही हैं। इस मामले में राजनीति तो खूब हुई और चुनावी लाभ भी मिलता रहा, पर पंजाब को नशे के दंश से मुक्ति अभी तक नहीं मिल पायी। पंजाब सरकार द्वारा चलाये जा रहे 'एक युद्ध, नशे के विरुद्ध' अभियान की कलई भी मजीठा जहरीली शराब कांड ने खोल दी है। बेशक अंतरराष्ट्रीय समस्या बने ड्रग्स की मार हमारे यहां अभी बहुत व्यापक नहीं हुई है, लेकिन जहरीली शराब के कारोबार ने तो पूरे देश को अपने शिकंजे में ले लिया है। 2022 में संसद में एक सवाल के जवाब में खुद सरकार ने बताया था कि 2016 से 2022 के बीच देश भर में छह हजार 172 लोगों को जहरीली शराब पीने से जान गंवानी पड़ी। यह सरकारी आंकड़ा है, वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हो सकती है।

जाहिर है, अवैध शराब, जिसमें से कुछ जहरीली साबित होती है, से मौतों का सिलसिला 2016 से पहले भी चल रहा था और 2022 के बाद भी चल रहा है,



क्योंकि उसके कारोबार को रोकने की कोई ईमानदार कोशिश तो नजर नहीं आती। हर हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने तथा मामले की जांच की घोषणा की जाती है। मीडिया और राजनीतिक गलियारों में भी कुछ दिन तक चर्चा रहती है, पर फिर सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है, अगले हादसे तक। तब भी क्या यह समझना मुश्किल होना चाहिए कि इसके पीछे निहित स्वार्थों का एक बड़ा नेटवर्क काम करता है, जो कई बार अंतरराज्यीय भी होता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 47 के तहत राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में कहा गया है कि राज्य औषधीय प्रयोजनों को छोड़ कर मादक पेय पदार्थों और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दवाओं के सेवन पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करेगा, लेकिन ज्यादा से ज्यादा राजस्व जुटाने के चक्कर में हमारे यहां शराबखोरी को हर तरह से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

दूध और दवा की दुकान शायद आपको तलाश करनी पड़े, स्कूल के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़े, पर शराब की चमचमाती दुकानें अपने घर-दफ्तर के पास से लेकर राजमार्गों तक पर आपका ध्यान अनचाहे भी खींच लेंगी। कोरोना काल में भी राज्य सरकारें सबसे पहले शराब के ठेके खोलने को उतावली नजर आयीं। तमाम राज्य सरकारों के राजस्व में आबकारी शुल्क की बड़ी हिस्सेदारी रहती है, जिसे साल-दर-साल बढ़ाने की कवायद ही वे करती नजर आती हैं। शायद इस मुनाफाखोर मानसिकता की भी सामाजिक सोच में आये इस बदलाव में बड़ी भूमिका है कि अब भारतीय समाज में शराब का कारोबार और उपयोग शर्म का नहीं, बल्कि शान का प्रतीक बन गया है। हादसे रोकने में नाकाम हमारी व्यवस्था अक्सर हादसे के बाद जेम्स बांड की तरह खुलासे करने लगती है। सो, अब पंजाब पुलिस ने खुलासा किया है कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का गांव चन्नीबेली गुड़ से बनी पारंपरिक शराब और इथाइल अल्कोहल से बनी ज्यादा खतरनाक शराब का प्रमुख उत्पादन केंद्र बन गया है। और भी चौंकाने वाला खुलासा यह है कि वहां शराब निर्माण और वितरण में महिलाओं की भागीदारी लगभग 40 प्रतिशत है।

अलग-अलग कारणों से कुछ राज्यों ने शराबबंदी का प्रयोग भी किया, पर कभी कोई राज्य यह दावा नहीं कर पाया कि वहां शराब उपलब्ध नहीं या लोग पीते नहीं। दरअसल वहां भी असरदार लोगों का शराब तस्करी और सप्लाई का नेटवर्क बन जाता है। मद्यनिषेध के सबसे बड़े पक्षधर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्मभूमि गुजरात में अरसे से शराबबंदी है, पर एक अध्ययन बताता है कि राजस्थान-मध्य प्रदेश सरीखे पड़ोसी राज्यों से लेकर गोवा तक से वहां भी हर साल 12 ये 15 हजार करोड़ रुपये की शराब विभिन्न तरीकों से तस्करी कर लायी जाती है, जिसमें से 300 से 500 करोड़ तक की शराब जब्त कर पुलिस अपने कर्तव्य की इतिश्री भी कर लेती है। हर तरह की शराब सेहत के लिए नुकसानदेह है, लेकिन जानलेवा साबित होती है अवैध शराब, जो बिना सरकारी लाइसेंस और मानकों के छोटे-बड़े पैमाने पर बनायी और बेची जाती है।

पीने वाले का नशा और बनाने वाले का मुनाफा बढ़ाने की कवायद में ही अवैध शराब जहरीली बन जाती है, क्योंकि उसमें सस्ती सामग्री इस्तेमाल की जाती है। सस्ती मिलने वाली अवैध शराब का सेवन सबसे ज्यादा गरीब मजदूर आदि करते हैं। मरने वालों में भी सबसे ज्यादा वे ही शामिल होते हैं। कई बार उनकी सही संख्या भी सामने नहीं आ पाती। शायद इसलिए भी बड़ी संख्या में मौतों के बावजूद उसका शासन-प्रशासन पर ज्यादा असर नजर नहीं आता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
## दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
## प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रंप की चाल, किसानों की चिंता और सरकार की रणनीति

भारत और अमरीका के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ताओं के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा करके सबको चौंका दिया कि भारत अमरीकी सामानों पर जीरो टैरिफ लगाने के लिए तैयार है। भारत सरकार की ओर से इस प्रकार की किसी भी आधिकारिक पेशकश से इनकार किया गया है, लेकिन ट्रंप के इस बयान ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इस मुद्दे को भारत पर दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे भारत के किसानों, घरेलू उद्योगों और रोजगार पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर गंभीर चिंता उठी है। जीरो टैरिफ का सबसे बड़ा खतरा देश के किसानों के लिए है। अमरीका में कृषि उद्योग को भारी सबसिडी मिलती है, जिससे वहां अनाज और अन्य कृषि उत्पादन सस्ते में होता है। वही उत्पाद जब भारत में सस्ते में बिकेंगे तो भारतीय किसान प्रतियोगिता में टिक नहीं पाएंगे।

*- महेश काले, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### उल्लेखनीय कदम



देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के करकमलों से संपन्न हुआ। इसमें महाराष्ट्र के 15 स्टेशनों का भी समावेश है। विकास और विरासत का प्रतीक बनने वाले ये स्टेशन रेल यात्रियों की यात्रा को सुखद, सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम हैं।

**- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### हॉफ़ एनकाउंटर



बनारस का हॉफ़ एनकाउंटर देखकर जनता पूछ रही है कि फिल्मसिटी नोएडा में बन रही थी और शूटिंग काशी में हो रही है! ये मामला क्या है? आशा है कि मंहत जी के घर से चोरी हुआ 'पुश्तैनी धन', फुल रिटर्न कर दिया जाएगा।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### नया विज्ञान केंद्र



भारत-ब्रिटेन शैक्षणिक साझेदारी ने बेंगलुरु में इम्पीरियल ग्लोबल इंडिया के शुभारंभ के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ है, जो देश में इंपीरियल कॉलेज लंदन द्वारा एक नया विज्ञान केंद्र है। मेरा मानना है कि कल के समाधान अलगाव में पैदा नहीं होंगे।

**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी



संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अगर उन्हें तत्काल सहायता नहीं मिली तो गाजा में 14,000 बच्चे मर सकते हैं। भोजन या चिकित्सा की कमी में एक भी मासूम की मौत मानवता के खिलाफ़ अपराध है।

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता**

## करंट अफेयर


# पाक में 100 साल पुराने हिंदू मंदिर की जमीन पर कब्जा




पाकिस्तान में सिंध प्रांत के टांडो जाम कस्बे के पास जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और उसके आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान' के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा, मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आसपास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। साथ ही शिव मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग और प्रवेश को बाधित किया है।' काच्छी ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी करके घटना की जानकारी दी। काच्छी ने कहा कि शिव मंदिर के कामकाज और मंदिर के आसपास लगभग चार एकड़ जमीन की देखरेख का जिम्मा एक समिति के पास था। यह स्थान कराची से लगभग 185 किलोमीटर दूर टांडो जाम कस्बे के पास मूसा खटियन गांव में है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के कारण सिंध विरासत विभाग की एक टीम ने पिछले वर्ष इसका जीर्णोद्वार किया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के निकट ही समुदाय के लोगों के अंतिम संस्कार के लिए एक शमशान भी है।

## ऑफ बीट

# युवाओं की राय को बिगाड़ रहे 'सेल्फी- एडिटिंग टूल'



एबिगेल (21) अपने दूसरे दोस्तों की तरह बहुत सारी सेल्फी खींचती है, उन्हें बेहतर व सुंदर बनाने के लिए दूसरे ऐप से एडिट करती है और फिर उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती है। हालांकि उसका कहना है कि ये सेल्फी को एडिट करने वाले ऐप्स, जिस काम के लिए बने हैं उनसे ज्यादा काम के हैं ,जैसे- आप अपने आदर्श रूप को देखते हैं और आप चाहते हैं कि आपका ये नया रूप हकीकत बन जाएं। आप जितना अधिक इसे बेहतर करते जाएंगे, आपको उतने बेहतर परिणाण मिलने लगेंगे।" ये ऐप दिखाते हैं कि सेल्फी-एडिटिंग तकनीक युवा लोगों की शारीरिक छवि और स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं। सावधानीपूर्वक करें ऑनलाइन एडिटिंग कई युवा जानते हैं कि उन्हें ऑनलाइन कैसा दिखना है, जिस वजह से वह सावधानीपूर्वक तस्वीरें एडिट करते हैं। इसका एक कारण डिजिटल नेटवर्क वाली दुनिया में मौजूदगी के भारी दबाव से निपटना है। सेल्फी-एडिटिंग तकनीकें इसे सावधानीपूर्वक तैयार करने में सक्षम बनाती हैं। सबसे लोकप्रिय सेल्फी-एडिटिंग ऐप में 'फेसट्यून', 'फेसऐप' और 'मीटू' शामिल हैं। ये ऐप लाइटिंग, रंग और फोटो एडजस्टमेंट से लेकर दाग-धब्बे हटाने जैसी 'टच अप' सुविधाएं प्रदान करते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# सरकारी घरों के आवंटन में 4 फीसदी घर होंगे आरक्षित

## दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार का बड़ा ऐलान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देशभर के दिव्यांगजनों के लिए बड़ा ऐलान किया है। सरकार ने फैसला किया कि सरकार की ओर से आवंटित घरों में 4 फीसदी घर दिव्यांगजनों के लिए रिजर्व होंगे। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से इसकी जानकारी दी गई। यह कदम समाज के कमजोर और दिव्यांग लोगों के समावेशी विकास की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है। इस कदम से कई को लाभ मिलेगा।

**सरकार की प्रतिबद्धता आई सामने**

*यह कमजोर लोगों के समावेशी विकास की दिशा में अहम कदम बताया जा रहा*

### आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने उठाया बड़ा कदम




**सरकार ने सर्कुलर जारी किया**

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुरूप संपदा निदेशालय ने दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के आवासीय सुविधाओं तक उचित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सर्कुलर जारी किया है। इसके अनुसार, केंद्र सरकार के आवास के आबंटन में विकलांग व्यक्तियों को 4 फीसदी का आरक्षण प्रदान किया जाएगा, जो सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और सुगम्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह पहल न केवल प्रत्येक नागरिक के सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि समावेशी और सुलभ भारत की नींव को भी मजबूत करती है।

**आवंटन ई-संपदा वेबसाइट पर हर महीने बोली**

यह आरक्षण के तहत होने वाले आवास आवंटन ई-संपदा वेबसाइट पर हर महीने बोली लगाकर किया जाएगा, जो स्वचालित प्रणाली से संचालित होगा। जो आवेदक पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें अपने प्रोफाइल में यूडीआईडी कार्ड अपलोड करना होगा, जिसे उनका मंत्रालय/विभाग सत्यापित करेगा और आवेदन को निदेशालय को भेजेगा। आवेदकों को वेबसाइट पर अपनी श्रेणी में बोली लगानी होगी।

**सामान्य प्रतीक्षा सूची में प्राथमिकता मिलेगी**

केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारी जिनके पास न्यूनतम विकलांगता है (जैसा कि आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 की धारा 34 में बताया गया है), उन्हें जीपीआरए आवास आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। हर महीने प्रत्येक प्रकार के आवास (टाइप-5तक, हॉस्टल सहित) में उपलब्ध खाली स्थानों में से 4 फीसदी तक की सीमा में यह प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे पात्र विकलांग व्यक्ति आवेदकों को जीपीआरए के लिए पहली बार आवंटन/ परिवर्तन दोनों के लिए सामान्य प्रतीक्षा सूची में प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार द्वारा जारी किया गया यह कार्ड विकलांगता के प्रमाण के रूप में मान्य होगा।

**ओडिशा सरकार की नई पहल**

## बुजुर्गों और दिव्यांगों को अब हर महीने 3500 रुपए पेंशन दी जाएगी

झारसुगुड़ा। ओडिशा सरकार ने राज्य के वृद्धजनों और गंभीर रूप से दिव्यांग नागरिकों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। सरकार ने उनकी मासिक पेंशन राशि बढ़ाकर 3500 रुपए कर दी है। यह नई पेंशन दर जनवरी 2025 से लागू मानी जाएगी और जून 2025 तक सभी पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की निदेशक और आईएएस नियति पटनायक ने सभी जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिया है।



---

**खबर संक्षेप**

### प्रोफेसर ने छात्रों को कहा 'आतंकी', हंगामा



**कोलकाता।** कोलकाता मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में एक विवाद ने तब तूल पकड़ लिया जब ईएनटी विभाग के प्रोफेसर डॉ. बिजन अधिकारी पर दो इंटर्न छात्रों को आतंकी कहने का आरोप लगा। आरोप है कि यह टिप्पणी उनके पहनावे और दाढ़ी देखकर की गई। छात्रों ने लिखित शिकायत कॉलेज प्रशासन को सौंपी। अधीक्षक की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की है।

### सुकमा में 2 नक्सलियों को फिर कर दिया ढेर



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सीआरपीएफ के एक कोबरा कमांडो की मृत्यु हो गई तथा मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। सुकमा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती तुमरेल में डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा कमांडो के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। उसे ने कार्रवाई की है।

### मुंबई में 'गेमिंग' घोटाले में 2.74 करोड़ की ठगी



**ठाणे।** नवी मुंबई में साइबर जालसाजों ने 42 वर्षीय व्यवसायी को 'ऑनलाइन गेम' के मंच से जुड़ने के लिए उकसा कर उससे 2.74 करोड़ रकी ठगी कर ली। जालसाजों ने उपहार देने का वादा करते हुए लालच दिया और दिसंबर 2022 से अप्रैल 2025 तक तथाकथित 'गेम' वेबसाइट के मंच में 3,24,84,526 रुपए जमा करवाए।

### 15 साल 'अवैध' नौकरी अब शिक्षिका बर्खास्त



**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में एक महिला ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करीब 15 वर्ष तक शिक्षक के पद पर नौकरी कर ली। इस फर्जीवाड़े की जब राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो और शिक्षा विभाग के पास शिकायत पहुंची तो महिला ने वर्ष 2021 में नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। अब विभाग ने बर्खास्त कर दिया है।

### जयपुर में इलेक्ट्रिक होवरबोर्ड पर गश्त शुरू



**जयपुर।** पुलिस ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए एक नई पहल शुरू की है। अब पुलिसकर्मी पारंपरिक पैदल या बाइक की बजाय इलेक्ट्रिक होवरबोर्ड पर गश्त करते नजर आ रहे हैं। यह कदम खासतौर पर भीड़भाड़ वाले बाजार, संकरी गलियों और पर्यटन स्थलों में त्वरित सुरक्षा देने के लिए उठाया गया है।

---

### प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान को दी विकास की कई सौगातें

# राजस्थान की वीर धरती ने हमें सिखाया देश व देशवासियों से बड़ा कुछ नहीं होता

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

राजस्थान के बीकानेर में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम एक तरफ सिंचाई की योजनाएं पूरी कर रहे हैं और नदियों को जोड़ने का काम भी कर रहे हैं, जिससे किसानों और राजस्थान की धरती को फायदा मिलेगा। राजस्थान की वीर धरती हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बड़ा कुछ नहीं होता। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रिफाइनरी का काम अब आखिरी चरण में है। इकॉनॉमिक कॉरिडोर जालौर, बीकानेर जैसे कई शहरों से होकर गुजर रहा है। दिल्ली और मुंबई से भी राजस्थान के कई शहर अब सीधे जुड़ रहे हैं। राजस्थान में 'पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' तेजी से आगे बढ़ रही है। इस योजना से अब तक 40 हजार से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं और इससे कमाई भी कर रहे हैं। बिजली से जुड़ी कई योजनाओं का शिलान्यास हुआ है और बिजली का बढ़ता उत्पादन राज्य को नई रफ्तार दे रहा है। राजस्थान महाराजा गंगा सिंह की धरती है। यहां के लोग पानी की अहमियत को अच्छे से जानते हैं।

> पीएम मोदी ने कहा कि हम एक तरफ सिंचाई की योजनाएं पूरी कर रहे हैं और नदियों को जोड़ रहे हैं। किसानों और राजस्थान की धरती को फायदा मिलेगा।

**बीकानेर में कहा- रिफाइनरी का काम अब आखिरी चरण में**

**यहां रेलवे के विकास के लिए 10,000 करोड़ से ज्यादा मिलेंगे**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करेगी। यह राशि 2014 के मुकाबले 15 गुना ज्यादा है। इससे राजस्थान का विकास और भी तेजी से होगा।



**इकॉनॉमिक कॉरिडोर जालौर बीकानेर से होकर गुजर रहा**

**बीकानेर को मिलेगा विकास का फायदा**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजस्थान के गांव तेजी से तरक्की कर सकें और युवाओं को शहरों में अच्छे मौके मिलें, इसके लिए डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। नई औद्योगिक नीतियां लागू की गई हैं, जिनका फायदा बीकानेर को जरूर मिलेगा।

**रेलवे की तरक्की की त्रिवेणी वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत**

भारतीय रेलवे तरक्की के नित नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और अपने रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में गुरुवार को रेलवे के इतिहास में एक और उपलब्धि दर्ज की गई।

**हजारों करोड़ रु. सीधे तौर पर देशवासियों को लाभान्वित कर रहे**

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ये अमृत भारत स्टेशन न केवल भारत की हजारों साल पुरानी विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि राज्यों में पर्यटन विकास के लिए उत्प्रेरक का काम भी करते हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने लोगों से स्टेशनों की सफाई और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया क्योंकि वे इन बुनियादी ढांचे के असली मालिक हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश न केवल विकास को बढ़ावा देता है बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा करता है और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि खर्च किए जा रहे हजारों करोड़ सीधे तौर पर श्रमिकों, दुकानदारों, कारखाने के कर्मचारियों और ट्रक और टेंपो ऑपरेटरों जैसे परिवहन क्षेत्रों से जुड़े लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा पूरा हो जाने के बाद, लाभ कई गुना बढ़ जाते हैं।

**ट्रेन देश की नई गति और प्रगति की प्रतीक**

महज इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में एक सभा को संबोधित करते हुए देश की नई गति और प्रगति के प्रतीक के रूप में वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों की शुरुआत को रेखांकित किया। आज इन्हें रेलवे की तरक्की की त्रिवेणी भी कहा जा रहा है।

**मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को समाप्त किया**

उन्होंने कहा कि ब्रॉड गेज लाइनों पर मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को समाप्त कर दिया गया है, जिससे सुरक्षा में वृद्धि हुई है। श्री मोदी ने माल परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए समर्पित माल गलियारों के तेजी से विकास और भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के चल रहे निर्माण पर भी प्रकाश डाला।

**मंडलगढ़ स्टेशन की भव्यता को बताया**

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आधुनिक रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन नाम दिया गया है और ऐसे 100 से अधिक स्टेशन पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इन स्टेशनों के आश्चर्यजनक परिवर्तन को देखा है, जो स्थानीय कला और इतिहास के प्रदर्शन के रूप में काम करते हैं। उन्होंने राजस्थान के मंडलगढ़ स्टेशन सहित महत्वपूर्ण उदाहरणों की ओर ध्यान दिलाया, जो राजपूत परंपराओं की भव्यता को दर्शाता है।

**किसान को भी मिली सुविधाएं**

किसान अपनी उपज को कम लागत पर बाजारों तक पहुंचा सकते हैं, जिससे बर्बादी कम होती है। अच्छी तरह से विकसित सड़कें और विस्तारित रेलवे नेटवर्क नए उद्योगों को आकर्षित करते हैं और पर्यटन को काफी बढ़ावा देते हैं। बुनियादी ढांचे पर खर्च से अंततः हर घर को फायदा होता है। आर्थिक अवसरों से सभी लाभ उठाते हैं।

---

**नई दिल्ली, भारत मंडपम में दिल्ली हरियाणा मैत्री संघ के कार्यक्रम में नायब व गुप्ता ने रखे विचार**

## महाराजा अग्रसेन ने लोकतांत्रिक शासन की सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था शुरू की: नायब






हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने लोकतांत्रिक शासन की एक नई सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था का सूत्रपात किया। उनका दर्शन आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को महाराजा अग्रसेन स्थापना दिवस के अवसर पर नई दिल्ली, भारत मंडपम में दिल्ली हरियाणा मैत्री संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अग्र समाज का इतिहास केवल व्यापार और वाणिज्य तक सीमित नहीं है। यह समाज सदियों से भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का वाहक रहा है। त्याग, सेवा, संयम और सदाचार, ये केवल शब्द ही नहीं, बल्कि अग्र समाज के जीवन-मूल्य हैं। यह समाज हमेशा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागी रहा है चाहे शिक्षा हो, चिकित्सा हो, उद्यमिता या सामाजिक सेवा हो, हर क्षेत्र में समाज ने अपने कार्यों से एक नई ऊंचाई प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-हरियाणा अग्रवाल मैत्री संघ को इस पहल के लिए बधाई दी और समस्त अग्र समाज को अपनी शुभकामनाएं प्रकट की।

**बेटियों को आगे बढ़ाने में सहयोग करें**

समारोह को संबोधित करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल समाज को बेटियों को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे हरियाणा के अग्रवाल समाज से होने पर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करती हैं। समारोह में भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, हरियाणा के पूर्व मंत्री असीम गोयल सहित अग्र समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

# पंजाब के भाजपा नेता बताएं क्या केंद्र का हालिया कदम उनकी मंजूरी से आया है: मुख्यमंत्री मान

### कहा, प्रधानमंत्री के सामने इस मुद्दे को रखूंगा, हम पंजाबी हैं डटकर मुकाबला करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नंगल बांध की सुरक्षा सीआईएसएफ के हवाले करने के केंद्र के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि बांध की सुरक्षा के लिए पहले ही पंजाब पुलिस वहां मौजूद है। केंद्र के इस कदम पर सवाल उठाते हुए मान ने पूछा कि जब पंजाब पुलिस पहले से ही बांध पर सुरक्षा मुहैया करा रही है तो सीआईएसएफ कर्मियों को तैनात करने की क्या जरूरत थी। उन्होंने इस तैनाती को अनावश्यक और राज्य के लिए वित्तीय बोझ बताया।

- नंगल बांध पर सीआईएसएफ की तैनाती

संगरूर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि वे शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे। संघीय ढांचे में केंद्र के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के महत्व को स्वीकार करते हुए मान ने कहा, मैं अच्छे संबंध बनाए रखने की कोशिश करूंगा लेकिन अगर केंद्र हमारी मांगों से सहमत नहीं होता है, तो हम पंजाबी हैं, हम इसका डटकर मुकाबला करेंगे।

**पंजाब पुलिस पहले से ही सुरक्षा कर रही**

मान ने कहा कि वे कहते हैं कि या तो बीबीएमबी या पंजाब यह पैसा देगा। जब पंजाब पुलिस पहले से ही बांध की मुफ्त सुरक्षा कर रही थी, तो इसकी क्या जरूरत थी? हमें पैसे क्यों देने चाहिए? मैं इस कदम का कड़ा विरोध करूंगा। हम न तो बीबीएमबी के माध्यम से और न ही पंजाब सरकार के सरकारी खजाने से पैसे दिए जाने देंगे। सुरक्षा घेरा लगाने के केंद्र के इरादे पर सवाल उठाते हुए मान ने पूछा कि क्या वह पंजाब के हिस्से का पानी चुराना चाहता है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। मान ने पंजाब भाजपा प्रमुख सुनील जाखड़ सहित भाजपा नेताओं से भी पूछा कि क्या केंद्र का हालिया कदम उनकी मंजूरी से आया है। केंद्र को फैसला वापस लेना चाहिए। बांध पंजाब के अधिकार क्षेत्र में है। पंजाब अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा कर सकता है, तो बांध की रक्षा क्यों नहीं कर सकता?

**सीएम सैनी की भाजपाध्यक्ष से मुलाकात**



**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। सैनी ने बताया कि इस अवसर पर उन्होंने नड्डा के साथ विभिन्न संगठनात्मक विषयों तथा प्रदेश के विकास से संबंधित योजनाओं पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा की।

---

**कहा, यमुना हमारे लिए सिर्फ एक नदी नहीं बल्कि आस्था का प्रतीक भी है**

# यमुना से जुड़े मसलों पर गृहमंत्री शाह ने ली बैठक होलिस्टिक एप्रोच के साथ कार्य करने का दिया निर्देश

### केंद्रीय मंत्री खट्टर, पाटिल और सीएम गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

*दिल्ली में यमुना, पेयजल, ड्रेनेज को लेकर 20 सालों को ध्यान में रख योजनाएं बनाएं*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक में यमुना की सफाई, दिल्ली में पीने के पानी और सीवेज व्यवस्था के लिए एक होलिस्टिक एप्रोच के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, जल शक्ति मंत्री सी आर पाटील, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय गृह सचिव, सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय, दिल्ली के मुख्य सचिव और केंद्र तथा दिल्ली सरकार के अनेक वरिष्ठ



अधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि यमुना हमारे लिए सिर्फ एक नदी नहीं बल्कि आस्था का प्रतीक भी है, इसलिए इसकी स्वच्छता मोदी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय को सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए एक एसओपी बनानी चाहिए जिससे उनकी गुणवत्ता, रख-रखाव और डिस्चार्ज के मानदंड स्थापित किए जाये। उन्होंने कहा कि ये एसओपी अन्य सभी राज्यों के साथ भी साझा की जाए। अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में यमुना, पीने के पानी और ड्रेनेज को लेकर हम आज जो भी योजना बनायें वह अगले 20 सालों को ध्यान में रख कर बने। उहोने कहा कि यमुना की सफाई में दिल्ली जल बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए, इसका सुदृढ़ीकरण बहुत आवश्यक है। गृह मंत्री ने दिल्ली जल बोर्ड में खाली पदों को तत्काल भरे जाने को कहा।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली में जल वितरण क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पूरी दिल्ली को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल का प्रबंधन बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जल आपूर्ति के लिए जल बोर्ड पाइपलाइनों में लीकेज को रोकने के साथ जल वितरण संरचना को और सुदृढ़ बनाए। शाह ने नालों से गाद हटाने के लिए विश्व-स्तरीय तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया।

---

**दुष्कर्म के बाद छात्रा का कत्ल**

## दरिंदे को फांसी की सजा, अन्य को सात साल कैद और जुर्माना



एजेंसी ▶▶ कानपुर

दुष्कर्म के बाद छात्रा की ब्लेड से गला काटकर हत्या करने वाले दरिंदे को कोर्ट ने बुधवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई। एडीजे/फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज अशोक कुमार ने महज 3 साल में फैसला दिया है। कानपुर देहात साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती टीईटी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। वह जहानाबाद में एक कोचिंग में पढ़ाई कर रही थी। 30 मई 2022 को कोचिंग के बाद उसका शव जहानाबाद में खैराबाद के जंगल से मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर ब्लेड के 24 घाव मिले थे। गला कटने से मौत की बात सामने आई थी। कोर्ट ने बुधवार को अजय को फांसी की सजा सुनाई। दोस्त अवनीश उर्फ छोटू सोनकर व दूसरे दोस्त की मां माया देवी पत्नी चंद्रशेखर कुरील निवासी द्वारिकापुर जट्ठ थाना जहानाबाद को सात साल की कैद व 11-11 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

- गेहूं को छोड़ अन्य खाद्य फसलों की एमएसपी कम
- अनाज और दालों की कीमतों में व्यापक आधार पर नरमी
- केंद्र सरकार 23 फसलों के लिए एमएसपी तय करती है

### आरबीआई ने जारी अपने मई बुलेटिन में कहा

# प्रमुख खाद्य फसलों की मंडी में औसत कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम

*खरीफ और रबी फसलों की भारी पैदावार से गेहूं को छोड़कर प्रमुख खाद्य फसलों की मंडी में औसत कीमत, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा बुलेटिन के अनुसार, मई माह के अब तक (19 मई तक) खाद्य मूल्य आंकड़ों से अनाज और दालों दोनों की कीमतों में व्यापक आधार पर नरमी दिखी है।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

केंद्र सरकार 23 फसलों (14 खरीफ, सात रबी और दो वाणिज्यिक फसलों) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करती है। हालांकि, यह खाद्य सुरक्षा के उद्देश्य से राशन दुकानों से वितरण के लिए कुछ वस्तुओं, खासकर गेहूं और चावल की खरीद करती है।

## औसत मंडी कीमतें कम हुई

लेख में कहा गया, " खरीफ व रबी की प्रमुख फसलों की भरपूर पैदावार तथा खाद्य मुद्रास्फीति से निपटने के लिए नीतिगत उपायों के परिणामस्वरूप प्रमुख खाद्य फसलों (गेहूं को छोड़कर) की औसत मंडी कीमतें कम हुई हैं तथा वे अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से भी कम हैं जो देश की खाद्य सुरक्षा के लिए अच्छा संकेत है।"

## दालों की बुवाई पूरी हो चुकी

लेख में कहा गया कि ग्रीष्मकालीन फसलों के मामले में, विशेष रूप से दालों की बुवाई लगभग पूरी हो चुकी है। धान की बुवाई (कुल ग्रीष्मकालीन क्षेत्रफल का लगभग 43 प्रतिशत) 16 मई 2025 तक पूरे सत्र के सामान्य क्षेत्रफल का 107.6 प्रतिशत थी, जबकि मूंग (कुल सत्र के क्षेत्रफल का लगभग 27 प्रतिशत) की बुवाई 108.2 प्रतिशत थी।



## प्याज की कीमतों में सुधार हुआ

आरबीआई के मई बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर प्रकाशित लेख में कहा गया कि दूसरी ओर, सोयाबीन, सूरजमुखी और सरसों तेल के दाम में बढ़ोतरी के कारण खाद्य तेल की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही। हालांकि, पाम और मूंगफली तेल की कीमतों में नरमी आई। प्रमुख सब्जियों में प्याज की कीमतों में और सुधार हुआ जबकि आलू तथा टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई।



## गेहूं पर 175 रुपए क्विंटल के बोनस की घोषणा

लेखकों ने कहा कि औसत मंडी कीमतों का आंकड़ा एक अप्रैल से 19 मई 2025 की अवधि से जुड़ा है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और ये भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश ने गेहूं के लिए एमएसपी पर 150 रुपये प्रति क्विंटल और 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस देने की घोषणा की है।

## सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान


ग्रीष्मकालीन बुवाई का कुल क्षेत्रफल 80.7 लाख हेक्टेयर रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.9 प्रतिशत अधिक है। लेख में कहा गया, इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून से सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान है और इसकी संभावित समय से पहले शुरुआत आगामी खरीफ सत्र के लिए शुभ संकेत है। इसमें कहा गया, प्रमुख उर्वरकों (फॉस्फेटिक उर्वरकों को छोड़कर) की अनुमानित आवश्यकता भी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

# टीटी लिमिटेड का टीटी बाजार-आम भारतवासी का फैशन बाज़ार

**नई दिल्ली।** टीटी लिमिटेड के स्वामित्व वाला टीटी बाजार देशभर में अपनी पहुंच को तेजी से बढ़ा रहा है। अब तक टीटी बाजार ने 100 से अधिक स्टोर्स सफलतापूर्वक खोल लिए हैं, और अगले वर्ष तक इस संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। टीटी बाजार का उद्देश्य है – उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र और रोजमर्रा के उपयोगी उत्पादों को सस्ती कीमतों पर आम जनता तक पहुंचाना। यहां ग्राहकों को महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए विस्तृत वस्त्र संग्रह, अंडरगारमेंट्स, एसेसरीज और कई घरेलू उपयोगी वस्तुएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होती हैं। टीटी लिमिटेड, जो वर्षों से भारत में वस्त्र उद्योग का एक भरोसेमंद नाम रहा है, अब खुदरा क्षेत्र में भी आम उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन रहा है। टीटी बाजार का हर स्टोर ग्राहकों को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और भरोसेमंद खरीदारी अनुभव देता है। हमारी योजना हर शहर में एक टीटी बाजार स्टोर खोलने की है ताकि भारत के हर कोने में गुणवत्ता और किफायत दोनों का संगम पहुँचे।

# अदाणी समूह की कर-पूर्व आय रिकॉर्ड 90,000 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- समूह के पास 21 महीने के कर्ज भुगतान के लिए नकदी शेष थी
- अदाणी बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक में कारोबार करती है

अदाणी समूह की कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक की सर्वाधिक कर-पूर्व आय करीब 90,000 करोड़ रुपये दर्ज की और उनके पास 21 महीने के कर्ज भुगतान के लिए नकदी शेष थी।

'दरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक में कारोबार करने वाले अदाणी समूह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। समूह की इन कंपनियों की ब्याज, कर, मूल्यह्रास एवं परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पहले की आय छह वर्षों में तीन गुना हो गई। यह वित्त वर्ष 2018-19 के 24,870 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 89,806 करोड़ रुपये रही।

इन कंपनियों की कर-पूर्व आय वित्त वर्ष 2023-24 के 82,976 करोड़ रुपये के मुकाबले पिछले वित्त वर्ष में 8.2 प्रतिशत बढ़ी। इनकी छह वित्त वर्षों (2018-19 से लेकर 2024-25 तक) में वार्षिक वृद्धि दर 24 प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए समूह का शुद्ध लाभ 40,565 करोड़ रुपये रहा और छह साल की वार्षिक वृद्धि दर 48.5 प्रतिशत रही।

समूह ने एक बयान में कहा कि उसकी सकल संपत्तियां छह वित्त वर्षों में 25 प्रतिशत से अधिक की सालाना वृद्धि के साथ 609,133 लाख करोड़ रुपये हो गईं। अदाणी समूह का कुल कर्ज पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 2.9 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि 2023-24 में यह 2.41 करोड़ रुपये था।

## समूह के पास 53,843 करोड़ की नकदी

वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में समूह के पास मौजूद 53,843 करोड़ रुपये की नकदी को ध्यान में रखें तो उस पर शुद्ध ऋण 2.36 लाख करोड़ रुपये था। समूह ने कहा कि उसके पास मौजूद नकदी 21 महीनों के ऋण सेवा दायित्वों को पूरा करने करता है।

# अगले दशक भारत तेल की मांग में चीन को पीछे छोड़ देगा

**नई दिल्ली।** पिछले दशक में वैश्विक तेल मांग में वृद्धि को गति देने का काम भले ही चीन ने किया था लेकिन अगले दशक में भारत यह भूमिका निभाएगा। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। चीन दुनिया में दूसरे नंबर का तेल उपभोक्ता है जबकि भारत तीसरे स्थान पर है। लेकिन दोनों देशों की मांग वृद्धि में उल्लेखनीय अंतर है। मूडीज रेटिंग्स ने कहा, /"भारत में मांग की वृद्धि और आयात पर निर्भरता अधिक होगी। अगले दशक में भारत में मांग चीन की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगी, क्योंकि चीन की आर्थिक वृद्धि सुस्त हो रही है ।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।




# सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ़ न्यूयॉर्क ने अच्युत सामंत के नाम पर शोध संस्थान का किया नामकरण

भुबनेश्वर। अमेरिका के प्रतिष्ठित सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने प्रसिद्ध भारतीय शिक्षाविद, समाजसेवी एवं कीट और कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत के सम्मान में एक शोध संस्थान का नामकरण किया है। यह संस्थान है "अच्युत सामंत इंडिया इनिशिएटिव क्यूनी क्रेस्ट इंस्टिट्यूट " - अमेरिकी छात्रों को भारत, विशेष रूप से ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत, आदिवासी विकास और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. सामंत के योगदान पर गहन शोध का अवसर प्रदान करेगा। यह पहली बार है जब किसी भारतीय के नाम पर विशेषकर ओडिशा के व्यक्तित्व के नाम पर अमेरिका में एक अकादमिक शोध संस्थान स्थापित किया गया है। इस ऐतिहासिक पहल से न केवल भारत-अमेरिका शैक्षणिक संबंधों को सशक्त आधार मिलेगा अपितु ओडिशा की समृद्ध कला, संस्कृति और शिक्षा मॉडल को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान भी मिलेगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ब्रॉन्क्स कम्युनिटी कॉलेज जो **CUNY** के अंदर आता है, के अध्यक्ष डॉ. मिल्टन सैंटियागो ने कीट और कीस का दौरा किया था, जहाँ डॉ. मिल्टन, डॉ.अच्युत सामंत के कार्यों से अत्यधिक प्रभावित हुए। परिणाम स्वरुप उन्होंने अमेरिका वापस लौटने के उपरांत प्रोफेसर डॉ. सामंत के नाम पर **CUNY** में एक शोध संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव रखा जिसे विश्वविद्यालय बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर लिया गया। उद्घाटन समारोह के लिए डॉ. सामंत को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर उन्हें **CUNY** का सर्वोच्च सम्मान "प्रेसिडेंशियल मेडल" भी प्रदान किया गया ।

# सेंसेक्स 645 अंक फिसला, निफ्टी में भी गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों से पैदा हुए बिकवाली के दबाव में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार खासी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 645 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 204 अंकों की गिरावट रही। बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और अमेरिका में ऋण चिंताओं का असर भारतीय बाजारों पर देखा गया। खासकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), तेल और दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली हावी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,951.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,106.71 अंक गिरकर 80,489.92 के स्तर तक आ गया था। निफ्टी भी 203.75 अंक गिरकर 24,609.70 अंक पर बंद हुआ।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से 27 नुकसान में रहीं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।*

# आईटीसी का लाभ चार गुना होकर 19,807 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही कंपनी आईटीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में करीब चार गुना होकर 19,807.8 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का एक साल पहले समान तिमाही में मुनाफा 5,013.18 करोड़ रुपये रहा था।

**सूचना**

मैं, धर्मदीन पुत्र कमरूदीन निवासी मकान नंबर-प्लॉट नंबर-बी-14, खसरा नंबर-83/15 गली नंबर-8, सुखबीर नगर, कराला, दिल्ली-110081 बयान करता हूं कि मेरे पुत्र का सही नाम समीर मलिक है। समीर और समीर मलिक दोनों एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं।

# एक्सेंचर भारत में 15,000 कर्मियों को करेगी पदोन्नत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एक्सेंचर इस साल जून में लगभग 15,000 भारतीय कर्मचारियों को पदोन्नत करेगी। कंपनी का यह कदम दुनियाभर में उसके 50,000 कर्मचारियों के पदोन्नत करने के अभियान का हिस्सा है। एक्सेंचर इंडिया के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक अजय विज ने कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक ज्ञापन में लिखा, "...एक्सेंचर जून में दुनिया भर में लगभग 50,000 लोगों को पदोन्नत करेगी, जिसमें भारत के लगभग 15,000 लोग शामिल हैं। कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में हमारे 43,000 से अधिक लोगों को पदोन्नति मिलेगी। एक्सेंचर सितंबर से अगस्त के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। दिसंबर में, एक्सेंचर ने कुछ कर्मचारियों के लिए मूल वेतन बढ़ोतरी की थी। जून और दिसंबर के बीच, अधिकांश भारतीय कर्मचारियों के 'मूल वेतन' में बढ़ोतरी होगी। विज ने कहा, "...पात्र लोगों के लिए बोनस और प्रदर्शन इक्विटी निर्णय दिसंबर चक्र के तहत किए जाते रहेंगे, और हम उस समय मूल वेतन में वृद्धि के अवसर का मूल्यांकन करना जारी रखेंगे।"पदोन्नति और मूल वेतन वृद्धि की सूचना 26-29 मई के बीच कर्मचारियों को आंतरिक तौर पर दी जाएगी। आयरलैंड मुख्यालय वाली कंपनी ने सितंबर, 2024 में ग्राहक खर्च और मांग की बेहतर दृश्यता का हवाला देते हुए अपने पदोन्नति चक्र को दिसंबर से जून में स्थायी रूप से स्थानांतरित कर दिया।

**पं. भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक**

पं. नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, भिवानी के विभिन्न विभागों में केवल छह माह की अवधि हेतु अर्थात् केवल छह माह की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के अनुमोदन के अनुरूप 7वें सीपीसी के अनुसार एफपीएल-10 में रु. 56100 + डीए के पारिश्रमिक सहित जूनियर रेजीडेंट (नॉन-अकेडमिक) के 56 रिक्त पदों को भरने के लिये पात्र चिकित्सा स्नातकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। संभाव्य उम्मीदवारों को संस्थान की वेबसाइट (www.uhsr.ac.in और www.pgimsrohtak.ac.in) पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना चाहिए और मूल आवेदन शुल्क रसीद सहित चिकित्सा अधीक्षक, पीजीआईएमएस, रोहतक के कार्यालय में आवेदन प्रपत्र जमा करवाया जाना आवश्यक है। आवेदन शुल्क निदेशक, पीजीआईएमएस, रोहतक के कार्यालय में लेखा शाखा के काउंटर पर जमा करवाये जाने हैं। आवेदन शुल्क अनारक्षित श्रेणी हेतु रु. 500/- और हरियाणा निवासी आरक्षित श्रेणी हेतु रु. 125/- है।

सम्पर्क टेलीफोन नं. सहित सभी प्रकार से विधिवत् पूर्ण आवेदन चिकित्सा अधीक्षक, पीजीआईएमएस, रोहतक के कार्यालय में 02.06.2025 तक ठीक अप. 5.00 बजे तक अवश्य पहुंच जाने चाहिएं। अधिक विस्तृत शर्तों और पात्रता हेतु हमारे संस्थान की वेबसाइट www.uhsr.ac.in और www.pgimsrohtak.ac.in देखें।

हस्ता/-
चिकित्सा अधीक्षक

संवाद-1241/11/72/2026/34997/सी/88/7 दि. 22.05.25

# विश्व मधुमक्खी दिवस-2025' पर केवीआईसी में 'स्वीट क्रांति उत्सव' का आयोजन



**नई दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने मंगलवार को 'विश्व मधुमक्खी दिवस-2025' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष का आयोजन थीम – प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषकर (**Bee inspired by nature to nourish us all**) पर आधारित था, जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण र्श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांतिर के अभियान को सशक्त करता है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से आए मधुमक्खी पालक लाभार्थी, प्रशिक्षु, वैज्ञानिकों, सफल मधुमक्खी पालकों, छात्रों, और विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में केवीआईसी की उपलब्धियों को साझा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुश्री रूप राशि की उपस्थिति में किया।

# चांदी 2,040 रुपये चढ़कर एक लाख रुपये के पार

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की मांग बढ़ने के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 98,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं, स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 2,040 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार कर 1,01,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गईं। एसोसिएशन ने कहा कि मजबूत वैश्विक रुझानों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने भी स्थानीय कीमतों का समर्थन किया। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''आर्थिक स्थिरता को लेकर नई चिंताओं के बाद डॉलर के दबाव में रहने से सोने की कीमतों में तेजी जारी रही।'

# सेबी कर रही इंडसइंड बैंक के गंभीर उल्लंघन की जांच

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि इंडसइंड बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के किसी भी " गंभीर उल्लंघन " की बाजार नियामक जांच कर रहा है। इंडसइंड बैंक के मुद्दों से आरबीआई निपटेगा, लेकिन सेबी संकटग्रस्त बैंक के अधिकारियों द्वारा प्रतिभूति बाजार के उल्लंघन की जांच कर रहा है। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित कार्यक्रम से इतर पर पांडेय ने पत्रकारों से कहा, " आरबीआई इस संबंध में सेबी द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पर गौर कर रहा है... सेबी का जो भी अधिकार क्षेत्र है... सेबी कर रहा है... यदि किसी ने अपनी क्षमता में कोई गंभीर उल्लंघन किया है, तो सेबी उसकी जांच कर रहा है।"

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडीए डिवीजन रोहतक | आउटलेट आरडी 45198-आर भिवानी सब ब्रांच पर वाटरकोर्स की पुनर्स्थापना + 8 कार्य। | 21.05.2025 02.06.2025 | 3.76 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9650044885 xenrohtakcad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34999/I/88/7 दि. 22.05.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका खरखौदा | रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी के चयन के लिए आरएफपी। | 16.05.2025 30.05.2025 | 834.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416316854 |
| 2 | नगर पालिका खरखौदा | एम.सी. खरखौदा में दिल्ली रोड से दिल्ली रोड बाईपास की दोनों साइड बर्म्स और ड्रेन्स की मरम्मत और पुनर्निर्माण। | 16.05.2025 30.05.2025 | 76.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416316854 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34990/I/88/7 दि. 22.05.25

## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** – नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** – आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5875




**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 5874 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | य |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | य | ल |






# अंडर-19 टीम का ऐलान : म्हात्रे को इंग्लैंड दौरे की कमान, सूर्यवंशी का दिखेगा तूफान

## 24 जून से शुरू होगा दौरा, पांच वनडे मैच खेलेंगी टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई के आयुष म्हात्रे को गुरुवार को अगले महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैच की युवा वनडे श्रृंखला और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो 'मल्टी-डे' मैच शामिल होंगे।



### म्हात्रे के नाम 962 रन

17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सत्र के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे।मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उप कप्तान बनाया गया है।

### आईपीएल में मचाया कोहराम





वैभव सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल के शानदार सत्र के बाद हुआ है।बिहार के समस्तीपुर के इस युवा खिलाड़ी ने आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर पूरे देश का दिल जीत लिया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद में बनाया गया उनका शतक भी लीग का दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने बिहार के लिए पांच प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले हैं लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में शतक बनाया था।

### एनान ने टेस्ट में झटके 16 विकेट

एक और दिलचस्प चयन केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का है जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। एनान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ दो युवा टेस्ट में 16 विकेट लिए और उस श्रृंखला में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पंजाब के ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह को भी टीम में जगह मिली है।

### भारतीय अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह। स्टैंडबाय खिलाड़ीः नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)।

खास खबर

## श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में, प्रणय हारे



**कुआलालंपुर।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को यहां मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर के मैच में आयरलैंड के एनहाट गुयेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन एच एस प्रणय सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी गुयेन के खिलाफ 59 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-17 से जीत हासिल की। श्रीकांत अंतिम आठ मुकाबले में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। प्रणय को पुरुष एकल प्री क्वार्टरफाइनल में जापान के युशी टनाका से 9-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दिन में अन्य प्री क्वार्टर फाइनल मैच में भारतीयों में आयुष शेट्टी और सतीश करुणाकरण भी हार गए। पोपोव ने दूसरे दौर के मैच में शेट्टी को 21-13, 21-17 से हराकर बाहर कर दिया। वहीं करुणाकरण को उन्हें टोमा के भाई और युगल जोड़ीदार क्रिस्टो पोपोव से 14-21, 16-21 से पराजय मिली।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 6 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

### खबर संक्षेप



#### दिल्ली के मुकेश पर लगा 10 प्रतिशत का जुर्माना

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया जो 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण या 'फिक्स्चर और फिटिंग' के दुरुपयोग' से संबंधित है। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।

#### मूसा ने जारी की 29 खिलाड़ियों की सूची

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने गुरुवार को अगले महीने ताजिकिस्तान के दुशांबे में होने वाले



मैत्रीपूर्ण मैचों के लिए 29 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की। भारत अंडर-23 टीम 18 जून और 21 जून को क्रमशः दो मैचों में ताजिकिस्तान अंडर-23 और किर्गिज गणराज्य अंडर-23 टीमों का सामना करेगी जो सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है। टीम का शिविर कोलकाता में एक जून से शुरू होगा और टीम 16 जून को दुशांबे के लिए रवाना होगी।

#### रजत-साल्ट को फिट होने का मिला मौका

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा है कि लंबे ब्रेक से उनकी टीम की लय नहीं बिगड़ी है बल्कि इससे कप्तान रजत



पाटीदार समेत कुछ खिलाड़ियों को प्लेआफ से पहले फिट होने का मौका मिला है। पाटीदार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ घरेलू मैच के दौरान ऊंगली में चोट लगी थी। फ्लावर ने कहा, 'हम ब्रेक को लेकर चिंतित नहीं हैं। पूरे सत्र में टीम ने काफी मेहनत की है और अब तक शानदार खेल दिखाया है। इस ब्रेक से कुछ खिलाड़ियों को फिट होने का मौका मिल गया।'

### पूरन की फिफ्टी, विलियम ओरुर्के को तीन विकेट

# मिचेल का शतक, सुपर जाइंट्स ने गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराया

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श के पहले आईपीएल शतक और निकोलस पूरन के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां गुजरात टाइटंस को 33 रन से हरा दिया। मार्श ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 64 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से 117 रन बनाने के अलावा पूरन (नाबाद 56 रन, 27 गेंद, पांच छक्के, चार चौके) के साथ दूसरे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की जिससे सुपर जाइंट्स ने दो विकेट पर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मार्श ने एडेन मार्करम (36) के साथ पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके जवाब में टाइटंस की टीम विल ओरोर्के (27 रन पर तीन विकेट), आयुष बडोनी (चार रन पर दो विकेट) और आवेश खान (51 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने शाहरूख खान (57 रन, 29 गेंद, पांच चौके, तीन छक्के) और शेरफेन रदरफोर्ड (38 रन, 22 गेंद, एक चौका, तीन छक्के) के बीच चौथे विकेट की 40 गेंद में 86 रन की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट पर 202 रन ही बना सकी। सुपर जाइंट्स की टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि टाइटंस की टीम प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित कर चुकी है और इस मैच में हार के बावजूद 13 मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अटूट दोहरी शतकीय साझेदारी करके गुजरात को 10 विकेट की जीत के साथ प्ले ऑफ में पहुंचाने वाले कप्तान गिल (35) और सुदर्शन (21) ने एक बार फिर टीम को तेज शुरुआत दिलाते हुए चार ओवर में 42 रन जोड़े। ओरोर्के ने सुदर्शन को मिड ऑफ पर मार्करम के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। जोस बटलर ने छठे ओवर में आवेश पर दो चौकों और दो छक्के से 21 रन बटोरे। टाइटंस ने पावर प्ले में एक विकेट पर 67 रन बनाए। आवेश ने अगले ओवर में गिल को अब्दुल समद के हाथों कैच कराके टाइटंस को दूसरा झटका दिया।




### बेंगलुरु जीतने पर बनाएगा रिकार्ड, नौ साल से शीर्ष दो का इंतजार, मैच आज



**लखनऊ।** पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का लक्ष्य शुक्रवार को आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर नौ साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने का होगा। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। शुक्रवार का मैच मूल रूप से बेंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था लेकिन मानसून की शुरुआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के हुए व्यवधान से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी और टीम ने लगातार चार जीत हासिल की थी। लेकिन लीग के फिर शुरू होने के बाद पहले मैच के बारिश से धुलने के कारण उसकी लय में बाधा आ गई। 20 दिन के ब्रेक के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपनी लय और प्रतिस्पर्धी बढ़त बरकरार रख पाती है या नहीं। आईपीएल खिताब जीतने की दौड़ में शामिल आरसीबी ने हाल के दिनों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### सही सलामी जोड़ी नहीं खोज पाई कैपिटल्स

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स शानदार शुरुआत के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग नॉकआउट चरण में आगे नहीं बढ़ पाई और मुख्य कोच हेमंग बदानी का कहना है कि पूरे सत्र में सलामी जोड़ी नहीं ढूंढ पाना ही टीम की विफलता का एक कारण रहा। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को मुंबई से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जो पिछले 7 मैच में उनकी 5वीं हार भी थी। दिल्ली ने 13 मैच में सात सलामी जोड़ी को आजमाया लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली और अब टीम शनिवार को अपने आखिरी मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

### प्लेऑफ के लिए बेथेल की जगह लेंगे सिफर्ट

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा।न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे।

### थाईलैंड ओपन में 19 मुक्केबाज देंगे चुनौती



**नई दिल्ली।** भारत की 19 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम 24 मई से एक जून तक बैंकॉक में होने वाले चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। एशियाई मुक्केबाजी के अंतर्गत आयोजित थाईलैंड ओपन में पूरे महाद्वीप की शीर्ष राष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, जापान, कोरिया और मेजबान देश थाईलैंड जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। टीम में 10 पुरुष और नौ महिलाएं शामिल हैं। अंतरिम समिति द्वारा संचालित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने अपने चयन मानदंड के अनुसार इस साल की पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेताओं को मौका प्रदान किया।

**भारतीय टीम**

**पुरुष :** नाओथोई सिंह कोंगखम (47-50 किग्रा), पवन बर्त्वाल (50-55 किग्रा), निखिल (55-60 किग्रा), अमित कुमार (60-65 किग्रा), हेमंत यादव (65-70 किग्रा), दीपक (70-75 किग्रा), ध्रुव सिंह (75-80 किग्रा), जुगनू (80-85 किग्रा), नमन तंवर (85-90 किग्रा), और अंशुल गिल (90 किग्रा+)।

**महिला :** यासिका राय (45-48 किग्रा), तमन्ना (48-51 किग्रा), आभा सिंह (51-54 किग्रा), प्रिया (54-57 किग्रा), संजू (57-60 किग्रा), सनेह (65-70 किग्रा), अंजलि (70-75 किग्रा), लालफाकमावी राल्टे (75-80 किग्रा), और किरण (80 किग्रा+)।

हॉकी प्रो लीग

## यूरोपीय चरण के लिए भारतीय टीम की घोषणा, 7 को पहला मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की जो सात जून से नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेली जाएगी।

भारतीय टीम अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैचों के साथ करेगी। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन में अर्जेंटीना के खिलाफ 'डबल हेडर' खेला जाएगा। फिर टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी और 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ मैच के बाद अपना अभियान समाप्त करेगी। भारत ने इस साल के शुरू में भुवनेश्वर में प्रो लीग का घरेलू चरण खेला था जिसमें टीम ने आठ मैच में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए और अब अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मैं टीम चयन से बहुत खुश हूं। टीम अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और हम जितना संभव हो सके उतना प्रयास करने और प्रो लीग जीतने की कोशिश कर रहे हैं। विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम खुद को इसके लिए अच्छी स्थिति में लाने के लिए अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने का प्रयास करना चाहते हैं।'

### ऐसी है भारतीय टीम

**गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा।
**डिफेंडर :** सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच
**मिडफील्डरः** राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह
**फॉरवर्डः** गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।



## बेरेटिनी चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे

**पेरिस।** इटली के टेनिस खिलाड़ी माटियो बेरेटिनी ने चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया है और आयोजकों ने गुरुवार को कहा कि मुख्य ड्रॉ में उनकी जगह किसी 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा। रोलां गैरां में रविवार से क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम शुरू होगा। पिछले हफ्ते इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में कैस्पर रूड के खिलाफ 28वीं रैंकिंग के बेरेटिनी 'रिटायर' हो गए थे। पेट की चोट के कारण वह दो हफ्ते पहले मैड्रिड में जैक ड्रेपर के खिलाफ तीसरे दौर के मैच से हट गए थे। बेरेटिनी 2021 में विम्बलडन में उप विजेता रहे थे लेकिन इसके बाद से वह चोटों से जूझते रहे हैं।

खिताबी मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया

# टोटेनहम ने जीता यूरोपा लीग खिताब, 17 साल का सूखा खत्म

एजेंसी ▶▶| बिलबाओ

टोटेनहम ने बुधवार रात को मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर यूरोपा लीग फाइनल जीता और चार दशक से अधिक समय में अपनी पहली यूरोपीय ट्रॉफी हासिल की। इस तरह टोटेनहम का खिताब का सूखा आखिरकार खत्म हो गया। 2008 में इंग्लिश लीग कप जीतने के बाद टोटेनहम का पहला बड़ा खिताब है और 1984 में अपना दूसरा यूएफा कप जीतने के बाद यूरोपीय लीग में पहली जीत है।

टोटेनहम के लिए ब्रेनन जॉनसन ने पहले हाफ के अंत में विजयी गोल दागकर जीत सुनिश्चित की।जॉनसन ने कहा, 'इस क्लब ने 17 साल से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। यह ट्रॉफी बहुत मायने रखती है। टोटेनहम एक अच्छी टीम है, लेकिन कभी भी जीत नहीं पाती। हमने जीत हासिल की।' इस खिताब से टीम को अगले सत्र की चैंपियंस लीग में जगह मिलने की गारंटी मिली। टोटेनहम ने यूरोपा लीग में अपना अभियान 10 जीत, तीन ड्रॉ और दो हार से खत्म किया।



### पोलैंड में आज होगी ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता

# नीरज आज फिर वेबर के लिए बनेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| चोरजोव

पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे।

चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया।




2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। चोपड़ा 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे।

### और अधिक 90 मीटर थ्रो पर ध्यान

सबसे लंबे थ्रो का विश्व रिकॉर्ड रखने वाले महान एथलीट जान जेलेजनी से ट्रेनिंग लेने के बाद वह और भी अधिक आश्वस्त हैं। चोपड़ा ने दोहा में कहा था, 'मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ मिलकर काम करना शुरू किया है। इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप तक आने वाले टूर्नामेंट में और अधिक 90 मीटर थ्रो कर सकता हूं।' पोलैंड में होने वाली यह प्रतियोगिता चोपड़ा के लिए इस सत्र की तीसरी प्रतियोगिता होगी।

## विदेश मंत्री ने दिया बड़ा बयान ऑपरेशन सिंदूर जारी है... भारत का संदेश बिलकुल साफ है...

# अगर अब दोबारा कोई पहलगाम जैसा हमला हुआ, तो नहीं बचेंगे आतंकवादी: एस जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले और सीमा पार से जारी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक बड़ा



■ नीदरलैंड की यात्रा में डच मीडिया को दिए साक्षात्कार में बोले विदेश मंत्री

बयान दिया है। जिसमें उन्होंने पहले पूरी दुनिया को आतंकवाद को लेकर बदली हुई भारत की नीति से अवगत कराते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। अगर अब भारत पर पहलगाम जैसा कोई और हमला हुआ। तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। हम आतंकियों को किसी भी सूरत में बख्शेंगे नहीं, फिर चाहे वो पाकिस्तान में कहीं पर भी जाकर क्यों न छिप जाएं। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद का पूर्ण रूप से खात्मा चाहते हैं। संघर्षविराम से केवल दोनों देशों के बीच अभी सैन्य कार्रवाई रुकी हुई है। लेकिन अगर पाक की तरफ से आतंकी हमले होते हैं। तो उसके गंभीर परिणाम होंगे। पाकिस्तान को भी इसे अच्छी तरह से समझना जरूरी है। यह जानकारी विदेश मंत्री ने अपनी नीदरलैंड की यात्रा में डच मीडिया (पब्लिक ब्रॉडकास्टर एनओएस और समाचार पत्र De Volkskrant) को दिए साक्षात्कार में दी।

**जानबूझकर हमले में धर्म को जोड़ा:** विदेश मंत्री ने कहा, पहलगाम हमले में 26 निर्दोष लोगों की आतंकवादियों ने क्रूरता के साथ उनके परिवारों के सामने हत्या कर दी थी। जिसके पीछे उनका उद्देश्य आमजन का विश्वास तोड़ना, कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले पर्यटन को नुकसान पहुंचाना और धार्मिक वैमनस्य को बढ़ाना था। जानबूझकर धर्म के तत्व को इसके बीच में शामिल किया गया। जिसका संकेत पाक के शीर्ष नेतृत्व खासतौर पर पाक सेनाप्रमुख की कट्टर धार्मिक सोच से भी स्पष्ट हो जाता है। उनके हमले से करीब सप्ताहभर पहले द्विराष्ट्र सिद्धांत को लेकर दिए गए बयान और फिर हुए पहलगाम हमले में साफ तौर पर संबंध दिखाई पड़ता है। वहीं, यह असंभव है कि हमले के बाद भारत की सरकार कार्रवाई न करे। पहलगाम हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। भारत ने 7 मई को अपना जवाब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा आतंकी केंद्र के रूप में घोषित 9 आतंकवादी ठिकानों को तबाह करके दिया। जिसके बाद दुश्मन पड़ोसी देश की आक्रामकता की वजह से दोनों के बीच करीब चार दिन तक कड़ा सैन्य संघर्ष (मिसाइल, ड्रोन, तोप) चला, भारत ने पाक वायुसेना के 8 अड्डों के रनवे और कमांड केंद्रों को नेस्तनाबूद कर दिया। जिसने पाकिस्तान को गोलीबारी रोकने और 10 मई को संघर्षविराम करने पर मजबूर कर दिया।

**यूं खारिज किया ट्रंप का दावा:** जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाक के बीच संघर्षविराम कराने के दावे से जुड़े प्रश्न के जवाब में कहा कि जब कोई दो देश विवाद में उलझे हुए होते हैं। तो स्वाभाविक है कि दुनिया आपसे बात करती है और अपनी चिताओं को साझा करती है। लेकिन 10 मई को हुए संघर्षविराम और सैन्य कार्रवाई को रोकने के मामले पर भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी वार्ता हुई थी। इसमें सबसे बड़ी भूमिका भारत की सशस्त्र सेनाओं द्वारा पाक के सैन्य ठिकानों को सटीक कार्रवाई में पहुंचाई गई भारी क्षति की है। जिसने पाकिस्तान की सेना को दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी रोकने की आवश्यकता पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया। फिर ऐसा ही हुआ। उन्होंने कहा, हमने भारत से बात करने वाले अमेरिका सहित अन्य सभी लोगों को यह साफ कर दिया था कि अगर पाकिस्तान लड़ाई रोकना चाहता है तो उन्हें हमसे सीधे बात करनी चाहिए। उनके जनरल हमारे जनरल से बात करें और यह सब कुछ कहें। उन्होंने बताया कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मुझसे और उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत की। साथ ही पश्चिम एशिया व अन्य क्षेत्रों के नेताओं से भी चर्चा की गई। जिसका एकमात्र उद्देश्य तनाव घटाना था।

**आतंकवाद, पीओके पर होगी बात:** जयशंकर ने कहा कि अब केवल एक ही मुद्दा है, जिस पर भारत, पाकिस्तान से बात करना चाहता है। वह है आतंकवाद का समूल नाश और उसके द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के भूभाग को भारत को वापस लौटने के मुद्दे पर होगी। कश्मीर की सीमाओं को लेकर कोई बात नहीं होगी। क्योंकि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। अभियान के निष्क्रिय साबित होने से जुड़े प्रश्न को लेकर उन्होंने कहा कि आप किसी भी शब्द का चुनाव कर सकते हैं। लेकिन मैं आपको यह बता सकता हूं कि हमारा संदेश बिलकुल साफ है, कार्रवाई होगी।

**1947 में विभाजन से जम्मू-कश्मीर हमारा है:** एक अन्य प्रश्न पर जयशंकर ने कहा, भारत के लिए आतंकवाद एक स्वतंत्र और पूरी तरह से अस्वीकार्य अंतरराष्ट्रीय अपराध है। जिसे माफी के साथ किसी भी तरह से तर्कसंगत नहीं ठहराया जाना चाहिए। जहां तक जम्मू-कश्मीर की बात है। तो ये एक ऐतिहासिक सच्चाई है कि 1947 में भारत-पाक विभाजन से यह हमारा है। अब हमारा यही पक्ष है कि जिन लोगों ने इसके जिस भाग पर अवैध रूप से कब्जा किया है। वो उसे उसके वास्तविक अधिकारी (भारत) को वापस लौटा दें।

### यूरोप, पश्चिमी देशों को दिखाया आईना

*सीमाओं पर पाकिस्तान और चीन के साथ संघर्ष की वजह से भारत पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव के प्रश्न को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी सुरक्षा चुनौतियां यूरोप से कहीं अधिक जटिल हैं। इसलिए हमें सुरक्षा की प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। आप सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के बीच चुनाव नहीं करते। लेकिन आज आपको भी यह लग रहा है कि यह एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। साम्राज्यवाद के बाद का एशिया पश्चिम से बिलकुल अलग है। हमारा कुछ पक्ष है, जिसे हम रखते हैं। लेकिन हम बाकी लोगों की संवेदनशीलता और संप्रभुता का सम्मान भी करते हैं। जो पश्चिमी परंपरा से बिलकुल अलग है। आप अपने पक्ष को दूसरे देशों पर थोपते हैं। यूएनएससी में स्थायी सीट भारत का एक लक्ष्य है। हमें विश्वास है कि परिषद में बेहद जरूरी सुधारों के साथ यह संभव हो सकेगा।*

## पाकिस्तान के बड़े मददगार 'तुर्किये' को भारत की खरी-खरी...

# पाक से कहे तुर्किये, सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे, आतंकी तंत्र के खिलाफ हो कार्रवाई

*यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में दी*

*चीन के विदेश मंत्री को एनएसए ने बातचीत में आतंकवाद पर साफ किया भारत का रुख*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान के सबसे बड़े मददगार बनकर उभरे तुर्किये को भारत ने जमकर खरी खोटी सुनाई। जिसमें यह कहा कि हमें उम्मीद है कि तुर्किये मजबूती के साथ पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करने के अलावा उसके पाले-पोसे हुए आतंकवादियों के संपूर्ण तंत्र के खिलाफ उचित कदम उठाते हुए विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। आपसी चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर संबंध बनते हैं। यह जानकारी गुरुवार को राजधानी में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी।

### तुर्किये के ड्रोन से भारत पर बोला हमला

गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा की गई ऑपरेशन सिंदूर




की कार्रवाई के तुरंत बाद तुर्किये ने खुलकर न केवल पाकिस्तान का जुबानी समर्थन किया था। बल्कि उसके द्वारा दिए गए करीब 300 से अधिक ड्रोन के जरिए पाकिस्तान ने भारत की पश्चिमी सीमा पर जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात के सर क्रीक तक बड़े पैमाने पर हमला किया था। जिसे बेहद सतर्क भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने तुरंत पूरी तरह से नाकाम कर दिया। तुर्किये ने ड्रोन के अलावा उन्हें चलाने के लिए पाकिस्तान में अपने ऑपरेटर भी भेजे थे। इतना ही नहीं तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने सार्वजनिक रूप से एक संदेश में पाकिस्तान को समर्थन देने की घोषणा की थी। जिसमें एक बेहद चौंकाने वाली बात यह थी कि उन्होंने एक भी बार पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा नहीं की। इस समूचे घटनाक्रम को देखते हुए मौजूदा दौर में भारत के पाकिस्तान के साथ ही तुर्किये से भी संबंधों में खटास आने लगी है।

### सेलेबी कंपनी मामले पर साफ किया रुख

जायसवाल ने तुर्किये की विमानन कंपनी सेलेबी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी रद्द किए जाने को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कहा कि इस संबंध में तुर्किये के दूतावास के साथ चर्चा की गई है। लेकिन मेरा मानना है कि यह विशेष निर्णय नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा लिया गया था। बताते चलें कि यह कंपनी कुल करीब 9 भारतीय हवाई अड्डों पर यात्री, कार्गो ग्राउंड हैंडलिंग जैसी सुविधाएं प्रदान करती है। वहीं, भारत में कई उच्च शिक्षण संस्थानों ने भी तुर्किये के शिक्षण संस्थानों के साथ अपने संबंधों को निलंबित कर दिया है। इसमें जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे और रुड़की शामिल हैं।

### चीन को आतंकवाद पर साफ की नीति

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत द्वारा चीन से की गई बातचीत के प्रश्न के जवाब में कहा, 10 मई को भारत के एनएसए अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। जिसमें भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को लेकर अपने मजबूत पक्ष को उनके सामने रखा। चीनी पक्ष इस बात को भलीभांति जानता है कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता ही भारत-चीन संबंधों का मूल आधार है।




यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में दी

# भारत में रह रहे 2 हजार 369 अवैध बांग्लादेशी, जल्द घर वापसी की जाए: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीमाओं पर पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारत ने यह साफ कर दिया है कि उसके देश में जो भी लोग अवैध तरीके से रह रहे होंगे। उनके खिलाफ कानूनी यानी विधिवत रूप से कार्रवाई की जाएगी। इसमें बांग्लादेश के लोग भी शामिल हैं। जिसके संबंध में भारत में कुल 2 हजार 369 मामले लंबित हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने बांग्लादेश से इस संबंध में मांग की है यह सभी आपके नागरिक हैं। इनकी राष्ट्रीयता के सत्यापन की प्रक्रिया को जल्द पूरा कर आप इन्हें अपने घर वापस ले जाएं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के लोगों में से कई लोग ऐसे हैं। जो जेल में थे और अब उनकी सजा पूरी हो गई है। जबकि कई मामले 2020 से लंबित हैं। ऐसे में अब आवश्यकता यह है कि बांग्लादेश इस मामले पर कार्रवाई करे ताकि इन लोगों को वापस भेजने की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाएं।

**स्थगित है सिंधु जल समझौता:** उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कूटनीतिक कदमों में शामिल सिंधु जल समझौता फिलहाल स्थगित है। ये तब तक जारी रहेगा। जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय ढंग से आतंकवाद को जड़ से खत्म नहीं करता है। पीएम मोदी ने कहा था कि पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते हैं। व्यापार और आतंकवाद भी एक साथ नहीं चल सकते हैं। भारत और पाक के बीच जो तीन मुद्दे हैं। उन पर मैं भारत का रुख स्पष्ट करना चाहता हूं। दोनों देशों के बीच कोई भी गतिविधि द्विपक्षीय तरीके से ही होगी। जायसवाल ने कहा कि बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते हैं। आतंकवाद पर हमने पहले ही कहा था कि हम पाकिस्तान से बात करने के लिए तैयार हैं। लेकिन इसमें उससे कुछ साल पहले सौंपी गई आतंकियों की सूची में शामिल आतंकियों को भारत को सौंपने के मुद्दे पर बातचीत होगी। जहां तक द्विपक्षीय वार्ता का मामला है। जम्मू कश्मीर के मामले में सिर्फ एक मसले पर ही बात होगी। उसमें पीओके पर पाक के अवैध कब्जे को जल्द से जल्द खाली कराने को लेकर चर्चा की होगी।

**अमेरिका में पीआर फर्म हायर की गई:** जायसवाल ने कहा, यह नया नहीं है। कई दशकों से ऐसा होता आ रहा है। 1949 से लेकर आज भी यह प्रक्रिया जारी है। इन फर्म से जरूरत के मुताबिक भारतीय दूतावास, मिशन लगातार संपर्क में बने रहते हैं। जो भी गतिविधियां हैं, वो सार्वजनिक रूप से मौजूद हैं। अमेरिका के जस्टिस विभाग की वेबसाइट पर भी पूरा विवरण दिया गया है।

## देश में अब तक 257 लोग कोरोना संक्रमित, केरल में सर्वाधिक 95 मामले

**नई दिल्ली।** हांगकांग-सिंगापुर और चीन के कई हिस्सों से शुरू हुई कोरोना की नई लहर अब भारत में भी दस्तक दे चुकी है। 22 मई, गुरुवार तक देश में कुल 257 लोग संक्रमित पाए गए हैं। भारत में 12 मई से 19 मई के बीच सप्ताह में 164 नए कोविड मामले दर्ज किए गए, जिससे देश में कुल सक्रिय मामले 257 हो गए। केरल में सबसे अधिक 95 मामले हैं, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 69 मामलों की वृद्धि है। इसके बाद तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 मामले हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कोरोना के नए मामलों में वृद्धि हुई है, हालांकि यहां स्थिति काफी नियंत्रित है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109